अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com

उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र

आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



# दैनिक राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक



लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 223 लखनऊ, शनिवार, 28 फरवरी 2026 पृष्ठ: 8 मूल्य : 2.00

## संक्षिप्त

### उच्च न्यायालय ने अगले आदेश तक अविमुक्तेश्वरानंद की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

प्रयागराज। उच्च न्यायालय ने पॉस्को एक्ट में दर्ज एफआईआर मामले में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को फिलहाल राहत मिल गई है। शुक्रवार को न्यायालय ने अग्रिम जमानत पर सुनवाई के बाद अपना आदेश रिजर्व कर लिया है, लेकिन आदेश आने तक उनकी गिरफ्तार पर रोक लगा दी है। दरअसल, पॉस्को एक्ट में दर्ज मुकदमे में गिरफ्तारी से बचने के लिए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत अर्जी पेश की थी। शुक्रवार को उनकी याचिका पर सुनवाई हुई और उच्च न्यायालय ने अविमुक्तेश्वरानंद की अगली सुनवाई तक गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए आदेश को सुरक्षित कर लिया है।

### शाइन सिटी घोटाले का मुख्य आरोपित राशिद नसीम यूएई में गिरफ्तार

लखनऊ। शाइन सिटी घोटाले मामले के फरार मुख्य आरोपित राशिद नसीम को सयुंक्त अरब अमीरात (यूएई) में गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अनुरोध पर हुई है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, यूपी में निवेश धोखाधड़ी और धन शोधन के मामले में भगोड़े राशिद नसीम के खिलाफ लखनऊ समेत कई जिलों में मुकदमें दर्ज हैं। उस पर आरोप है कि उसने निवेश के नाम पर लोगों से लुभावने रिटर्न का वादा कर करोड़ों की ठगी की है। पुलिस का शिकंजा कसता देख 2019 में राशिद नसीम देश छोड़कर दुबई फरार हो गया था। अब ईडी-ईओडब्ल्यू के के प्रत्यर्पण के अनुरोध पर दुबई पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

### मुख्यमंत्री योगी के सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी का कार्यकाल एक साल के लिए पुनः बढ़ा दिया गया है। इस आशय का आदेश जारी कर दिया गया है। अपर मुख्य सचिव पद से सेवानिवृत होने के बाद अवनीश कुमार अवस्थी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सलाहकार नियुक्त किया गया था। कार्यकाल पूरा होने के बाद अब सरकार ने पुनः उनका एक साल के लिए कार्यकाल बढ़ाया है। यह अवधि एक मार्च 2026 से लेकर 28 फरवरी 2027 तक की है। अब तक कई बार उनका कार्यकाल बढ़ाया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि 1987 बैच के उत्तर प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी 31 अगस्त 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे।

## शराब घोटाला मामला : केजरीवाल, सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपी बरी

- ईडी और सीबीआई का इस्तेमाल करके फर्जी शराब घोटाला बनाया गया : केजरीवाल

एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ साथ अन्य 21 आरोपियों को बरी करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) के जांच अधिकारी (आईओ) के खिलाफ विभागीय जांच कराने का आदेश दिया। राउज एवेन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश जितेन्द्र सिंह ने इस मामले में जिन सभी 23 आरोपियों को बरी किया है उनमें तेलंगाना से पूर्व सांसद के. कविता, विजय नायर, समीर महेंद्रू शामिल हैं। यह मामला 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा था। इस नीति को तत्कालीन केजरीवाल सरकार ने अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद वापस ले लिया था।

फैसला आने के बाद सीबीआई ने कहा कि उसकी जांच के कई महत्वपूर्ण पहलुओं को अदालत ने या तो नजरअंदाज किया या पर्याप्त महत्व नहीं दिया। एजेंसी ने कहा है कि वह इस फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील करेगी। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि अभियोजन पक्ष सीबीआई प्रथम दृष्टया मामला साबित नहीं कर सका है। अदालत ने कहा कि सीबीआई का आरोप पत्र बहुत विस्तृत था लेकिन उसमें गंभीर खामियां भी थीं। आरोपपत्र में लगाये गये आरोप, गवाहों के बयानों या रिकॉर्ड पर मौजूद पर्याप्त सबूतों से साबित नहीं हो सके हैं। अदालत ने यह भी कहा कि श्री सिसोदिया के खिलाफ कोई प्रथम दृष्टया मामला नहीं बनता है और श्री केजरीवाल को पर्याप्त सबूतों के बिना फंसाया गया। अदालत ने जांच में कमियों को लेकर जांच एजेंसी को फटकार भी लगायी।

इस आदेश के बाद श्री केजरीवाल ने न्यायपालिका में विश्वास व्यक्त किया और इस मामले को अपनी पार्टी को कमजोर करने के उद्देश्य से रची गई एक राजनीतिक साजिश करार दिया। श्री सिसोदिया ने कहा कि फैसले ने संविधान और कानून के शासन में उनके विश्वास को पुनः पुख्ता किया है।

अदालत ने श्री सिसोदिया की भूमिका के बारे में कहा कि ऐसा कोई विश्वसनीय सबूत नहीं है जो यह दिखाए कि उन्होंने 2021-22 की आबकारी नीति बनाने या लागू करने में गैरकानूनी तरीके से प्रभाव डाला था। अदालत ने कथित अनियमितताओं संबंधी कोई भी बरामदगी नहीं होने का भी उल्लेख किया। उसने श्री केजरीवाल के संबंध में कहा कि उनके मामले में ठोस सामग्री का अभाव था। अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी सबूतों के बिना एक संवैधानिक पदाधिकारी पर साजिश का आरोप लगाना स्थापित कानूनी सिद्धांतों से मेल नहीं खाता है।

मामले का केंद्र बिंदु रही आबकारी नीति दिल्ली सरकार ने आबकारी कारोबार में सुधार और राजस्व बढ़ाने के मकसद से पेश की थी। इसमें अनियमितताओं के आरोप लगने के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) दोनों ने आरोप लगाया था कि इस नीति से चुनिंदा निजी कंपनियों को अनुचित लाभ मिला था।

गौरतलब है कि श्री सिसोदिया 2023 में अपनी गिरफ्तारी के बाद लगभग 530 दिनों तक हिरासत में रहे, जबकि श्री केजरीवाल को जून 2024 में सीबीआई ने तब गिरफ्तार किया गया था, जब वे एक संबंधित मामले में पहले से ही ईडी की हिरासत में थे। उन्हें बाद में सितंबर 2024 में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिल गयी थी।

### भारत और इटली ने रक्षा उद्योग साझेदारी को बढाने की प्रतिबद्धता दोहरायी

नई दिल्ली। भारत और इटली ने मजबूत रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के निर्माण के लिए उद्योग साझेदारी को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता को दोहराया है। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि इटली की दो दिन की यात्रा पर गये रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार ने इटली के रक्षा उप सचिव माटेओ पेरेगो डि क्रेमनागो से मुलाकात की। बातचीत के दौरान उन्होंने रक्षा खरीद के लिए नीतिगत ढांचे, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के मानदंडों और भारत के रक्षा गलियारों का उल्लेख किया श्री कुमार ने इसके अलावा राष्ट्रीय आयुध निदेशक एडमिरल जियासिंटो ओटावियानी और इतालवी रक्षा बलों के प्रमुख जनरल लुसियानो पोर्टोलानो के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इटली के रक्षा उप सचिव के साथ हुई बैठक में दोनों देशों ने अपनी-अपनी मजबूत रक्षा आपूर्ति श्रृंखलाओं के लिए उद्योग जगत के बीच साझेदारी को प्रोत्साहित करने की साझा प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया।

## यूपी में होली पर चार दिन रहेगी छुट्टी

- मुख्यमंत्री ने दिए वेतन देने के निर्देश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में होली के अवसर पर अब 3 मार्च को भी सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी रहेगी। इससे पहले होली पर 2 और 4 मार्च को अवकाश घोषित था। इसके बदले 28 फरवरी को राज्य कार्यालयखुलेंगे। प्रदेश में 4 मार्च को रंग खेला जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली से पहले वेतन देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को सरकारी आवास पर एक बैठक कर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कर्मचारियों का वेतन होली से पूर्व दिया जाना सुनिश्चित करें। आउटसोर्सिंग/संविदाकर्मी/ सफाईकर्मी आदि सभी कर्मियों का वेतन होली से पूर्व दिया जाना अधिकारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शनिवार 28 फरवरी को कार्य दिवस घोषित किया गया है। इसके बदले में सभी कर्मचारियों को 3 मार्च को अवकाश मिलेगा। उप्र में अब होली के अवसर पर तीन दिन यानी 2, 3 और 4 मार्च को अवकाश रहेगा।

## राष्ट्रीय बजट अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज नहीं, नीतिगत रोडमैप : प्रधानमंत्री

- प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय कंपनियों से बजट में हुई घोषणाओं का लाभ उठाने का किया आग्रह

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि बजट का आकलन उसके प्रत्यक्ष लाभ या प्रभाव से नहीं बल्कि इसमें निहित नीतिगत प्रयासों से होना चाहिए। असल में राष्ट्रीय बजट कोई अल्पकालिक व्यापार दस्तावेज़ नहीं होता है। यह एक नीतिगत रोडमैप होता है। ऐसे में बजट की प्रभावशीलता का आंकलन ठोस पैरामीटर्स पर किया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंसिंग से बजट बाद वेबिनार- विकसित भारत के लिए टेक्नोलॉजी, सुधार और फाइनेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बजट को ढांचागत सुविधाओं के विस्तार, धन प्रवाह, जीवन जीने में आसानी, पारदर्शिता के साथ शासन और लोगों के लिए नए-नए अवसर बनाने की दृष्टि से देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश रिफोर्म एक्सप्रेस पर सवार है। इस प्रवाह को बनाए रखने के लिए हमें नीतिगत मंशा और उससे हासिल उपलब्धि पर भी फोकस करना है।

उन्होंने कहा कि हमें एआई, ब्लॉकचेन और डेटा एनालिटिक्स का व्यापक उपयोग कर पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ानी ही होगी और साथ ही शिकायत निवारण प्रणालियों से प्रभाव की निरंतर निगरानी भी करनी होगी। प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को सरकार के ढांचागत सुविधाओं में निवेश का लभा उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 सालों में ढांचागत सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट 2 लाख करोड़ से बढ़कर 12 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया है। इतने बड़े पैमाने पर सरकारी निवेश निजी क्षेत्र के लिए भी एक स्पष्ट संदेश है कि उद्योग और वित्तीय संस्थान भी नई ऊर्जा के साथ आगे आएं।

प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि परियोजनाओं की मंजूरी और मूल्यांकन प्रक्रिया को मजबूत करना जरूरी है, ताकि समय और पैसा बर्बाद न हो। लागत-लाभ और पूरी अवधि की लागत पर ध्यान देना चाहिए। बॉन्ड बाजार में सुधार कर दीर्घकालीन विकास, स्थिरता और विदेशी निवेश बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए भरोसा, तरलता, नए साधन और बेहतर जोखिम प्रबंधन जरूरी हैं। उन्होंने सभी हितधारकों से बजट के नए अवसरों का लाभ उठाने और मिलकर बेहतर परिणाम देने की अपील की।

### अजमेर में आज प्रधानमंत्री का दौरा, 16,686 करोड़ की 43 परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण

जयपुर। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार 28 फ़रवरी को राजस्थान के अजमेर दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ जनसभा को संबोधित करेंगे।

## क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में उप्र को अग्रणी बनाने की तैयारी

- क्वांटम अनुसंधान और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए उद्योग, अकादमिक और सरकार के साझा प्रयास पर जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी बनाने की दिशा में ठोस पहल के संकेत दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते डीप टेक क्षेत्र में प्रदेश मजबूत दावेदारी प्रस्तुत करेगा। इस पहल में आईबीएम और आईआईटी कानपुर के साथ त्रिपक्षीय सहयोग मॉडल पर काम करने को लेकर बात आगे बढ़ने की संभावना बनती दिख रही है।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ स्थित आईबीएम 'एआई जीओवीटेक इनोवेशन सेंटर' के उद्घाटन अवसर पर कहा था कि देश का पहला कंप्यूटर आईआईटी कानपुर में स्थापित हुआ था, जिससे उत्तर प्रदेश का तकनीकी इतिहास जुड़ा है। इसी विरासत को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश अब क्वांटम कंप्यूटिंग के क्षेत्र में नई शुरुआत करना चाहता है। उन्होंने संकेत दिया कि यदि आईबीएम, आईआईटी कानपुर और राज्य सरकार मिलकर कार्य करें तो क्वांटम टेक्नोलॉजी में राष्ट्रीय स्तर का केंद्र विकसित किया जा सकता है। राज्य सरकार ने पहले ही रोबोटिक्स, ड्रोन टेक्नोलॉजी और मेडटेक जैसे क्षेत्रों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने की दिशा में बजट प्रावधान किए हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में कई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस कार्यरत हैं। इसी क्रम में क्वांटम कंप्यूटिंग को अगला रणनीतिक क्षेत्र माना जा रहा है। आईआईटी कानपुर परिसर में क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए आवश्यक अवसंरचना उपलब्ध कराने और उद्योग जगत के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं।

## सौ टिकटों का दांव: ब्राह्मण-मुस्लिम साथ का प्रभाव

- ब्राह्मण-मुस्लिम समीकरण पर दांव, मार्च 2026 तक 100 से ज्यादा प्रत्याशी घोषित करने की तैयारी
- बसपा ने 2027 के लिए ब्राह्मण-मुस्लिम-दलित समीकरण पर स्पष्ट दांव लगाया
- मार्च 2026 तक 100+ सीटों पर प्रत्याशी घोषित करने की रणनीति
- 2007 की 206 सीटों से 2022 में 1 सीट तक गिरावट—अब पुनरुत्थान की चुनौती

मनोज शुक्ला, ब्यूरो चीफ





लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की आहट के साथ सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने चुनावी तैयारी समय से पहले शुरू करते हुए चार विधानसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। खास बात यह है कि घोषित प्रत्याशियों में दो मुस्लिम और दो ब्राह्मण चेहरे शामिल हैं। इसे बसपा की नई सामाजिक इंजीनियरिंग की शुरुआत माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार बसपा मार्च 2026 तक 100 से अधिक सीटों पर प्रत्याशी या विधानसभा प्रभारी घोषित करने की रणनीति पर काम कर रही है, ताकि संगठन को बूथ स्तर तक समय रहते सक्रिय किया जा सके।

**घोषित चार सीटें, साफ संदेश-** बसपा ने दीदारगंज (आजमगढ़) और सहारनपुर देहात से मुस्लिम प्रत्याशी, जबकि मुंगरा बादशाहपुर (जौनपुर) और माधौगढ़ (जालौन) से ब्राह्मण प्रत्याशी उतारे हैं। इन चारों सीटों का चयन पूर्वांचल, पश्चिम और बुंदेलखंड जैसे अलग-अलग क्षेत्रों से किया गया है, जिससे संकेत मिलता है कि पार्टी पूरे प्रदेश में एक समान रणनीति लागू करना चाहती है।

**सामाजिक गणित पर फोकस-** उत्तर प्रदेश की सामाजिक संरचना में लगभग 20% दलित, 19% मुस्लिम, 40% ओबीसी और 19% सवर्ण मतदाता हैं। बसपा का आंतरिक आकलन है कि यदि दलित और मुस्लिम मतदाता एकजुट होते हैं तो करीब 39% का आधार तैयार होता है। इसमें ब्राह्मण मतदाताओं का समर्थन जुड़ने पर यह आंकड़ा कई सीटों पर निर्णायक स्थिति में पहुंच सकता है। हाल में हुई बैठकों में मायावती ने ब्राह्मण और मुस्लिम समाज को विशेष संदेश दिया है। पार्टी ने ब्राह्मण समाज के बीच संपर्क बढ़ाने की जिम्मेदारी सतीश चंद्र मिश्रा को सौंपी है, जबकि दलित समाज में सक्रियता बढ़ाने के लिए आकाश आनंद को आगे किया गया है। ओबीसी वर्ग के लिए विश्वनाथ पाल और राजपूत समाज के लिए उमाशंकर सिंह को जिम्मेदारी दी गई है।

**पिछला प्रदर्शन और चुनौती-** बसपा 2007 में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत में आई थी, लेकिन इसके बाद उसका ग्राफ लगातार गिरा।

2012 में 80 सीटें
2017 में 19 सीटें
2022 में मात्र 1 सीट और
लगभग 13% वोट शेयर

ऐसे में 2027 का चुनाव बसपा के लिए अस्तित्व की लड़ाई माना जा रहा है। पार्टी 2022 में 18 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही थी, जिन्हें इस बार विशेष फोकस में रखा गया है।

### किस पर पड़ेगा असर?

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बसपा की यह रणनीति समाजवादी पार्टी के मुस्लिम वोट बैंक और भाजपा के ब्राह्मण समर्थन आधार को सीधे चुनौती देती है। यदि बसपा 2022 के 13% वोट शेयर को बढ़ाकर 20% के आसपास ले जाती है तो कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला परिणाम बदल सकता है।बसपा ने 2027 की बिसात पर शुरुआती चाल चल दी है। ब्राह्मण-मुस्लिम-दलित समीकरण पर टिकी यह रणनीति कितनी सफल होगी, इसका जवाब समय देगा। फिलहाल इतना तय है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर सामाजिक इंजीनियरिंग का दौर तेज हो गया है।

## तमिलनाडु विधानसभा चुनाव-2026 देश के लिए बनेगा आदर्श उदाहरण : ज्ञानेश कुमार

एजेंसी



चेन्नई। तमिलनाडु में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव-2026 को लेकर चुनाव आयोग ने अपनी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि राज्य में होने वाला आगामी विधानसभा चुनाव पूरे देश के लिए एक आदर्श उदाहरण साबित होगा।

दो दिवसीय दौरे पर चेन्नई पहुंचे मुख्य चुनाव आयुक्त ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ चुनावी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। दिल्ली लौटने से पूर्व उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए चुनाव प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कानून के दायरे में संपन्न कराए जाएंगे। मतदान प्रक्रिया को सुरक्षित एवं विश्वसनीय बनाने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे तथा संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। मतदान केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा और उनके सुरक्षित रख-रखाव के लिए अलग व्यवस्था की जाएगी।

ज्ञानेश कुमार ने बताया कि मतदान कर्मियों को पहचान पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे कि वे बिना किसी दबाव या भय के स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकें।

### पश्चिम बंगाल में 28 फरवरी को जारी होंगी पोस्ट-एसआईआर मतदाता सूची

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद अद्यतन मतदाता सूची 28 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। सात करोड़ से अधिक मतदाताओं वाली यह सूची केवल प्रशासनिक अद्यतन नहीं, बल्कि पिछले कुछ महीनों से जारी राजनीतिक टकराव, अदालती लड़ाइयों और विरोध प्रदर्शनों का प्रतिबिंब भी मानी जा रही है। चुनाव आयोग द्वारा जारी की जाने वाली सूची में 7.08 करोड़ मतदाताओं को स्वीकृत, हटाए गए या विचाराधी श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। 2002 के बाद यह पहला राज्यव्यापी विशेष पुनरीक्षण है। आयोग के अनुसार 16 दिसंबर को प्रकाशित प्रारूप सूची में मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ से घटकर 7.08 करोड़ रह गई थी। मृत्यु, स्थानांतरण, दोहराव या सत्यापन न होने के कारण 58 लाख से अधिक नाम हटाए गए। दूसरे चरण में 1.67 करोड़ मतदाताओं की सुनवाई की गई, जिनमें 1.36 करोड़ को तार्किक विसंगति और 31 लाख को मैपिंग की कमी के आधार पर चिन्हित किया गया था।

# उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य की सफल कूटनीति जर्मनी से ही यूके के निवेशकों को जोड़ा

- यूके के निवेशकों ने यूपी में निवेश करने पर जताई सहमति
- जर्मनी में 200 करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति
- रेल इंफ्रास्ट्रक्चर तकनीक में सहयोग बढ़ाएगा उत्तर प्रदेश

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ/बर्लिन। जर्मनी में चल रही रुचिकर एआई इंपैक्ट समिट के बीच उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निवेश कूटनीति की नई कार्यशैली अपनाते हुए अपनी पूर्व निर्धारित यूनाइटेड किंगडम यात्रा स्थगित कर दी। समिट की व्यस्तताओं और वैश्विक प्रतिनिधियों से लगातार संवाद के कारण उन्होंने जर्मनी से ही यूके के निवेशकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वन-टू-वन बातचीत की। इस वर्चुअल संवाद में निवेशकों ने उत्तर प्रदेश में निवेश को लेकर सकारात्मक सहमति जताई, जिसे प्रदेश के लिए अहम उपलब्धि माना जा रहा है।

जर्मनी प्रवास के दौरान उप मुख्यमंत्री को विशेष रूप से सर्विस सेक्टर में अच्छी संभावनाएं दिखीं। ड्रोन तकनीक, डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग, एयरोस्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग और स्मार्ट सिटी जैसे भविष्य उन्मुख क्षेत्रों में अग्रणी जर्मन कंपनियों के साथ उनकी विस्तृत बैठकें हुईं। कंपनियों ने उत्तर प्रदेश की औद्योगिक नीतियों, बेहतर कनेक्टिविटी और बड़े बाजार को निवेश के लिए अनुकूल बताया। हालांकि हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग के साथ सेवा क्षेत्र में सबसे अधिक रुचि देखने को मिली। आईटी सेवाएं,



स्किल डेवलपमेंट, हेल्थकेयर सपोर्ट और लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट से जुड़ी कंपनियों ने प्रदेश के विशाल उपभोक्ता आधार और कौशल संसाधन को निवेश का मजबूत आधार माना। इसी क्रम में यूके के निवेशकों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रदेश के औद्योगिक रोडमैप, सिंगल विंडो सिस्टम और त्वरित स्वीकृति प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी साझा की गई। बातचीत सकारात्मक रही और निवेश को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। इस बीच जर्मनी में रेल इंफ्रास्ट्रक्चर तकनीक के क्षेत्र में भी प्रगति हुई और करीब 200 करोड़ रुपये के निवेश पर सहमति बनी, जिससे प्रदेश में उन्नत रेलवे तकनीक सहयोग को गति मिलने की उम्मीद है। उप मुख्यमंत्री ने निवेशकों को भरोसा दिलाया कि उत्तर प्रदेश उच्च तकनीक आधारित विनिर्माण के साथ सेवा क्षेत्र को समान प्राथमिकता देते हुए उद्योगों के लिए पारदर्शी और उद्योग-मित्र वातावरण सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को भूमि आवंटन से लेकर संचालन तक हर स्तर पर प्रशासनिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

# मृतक आश्रितों के सेवायोजन प्रकरणों का निस्तारण तीन माह करें अधिकारी : मुख्य सचिव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने विभागाध्यक्षों और प्रमुख सचिवों को निर्देशित किया है कि सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों के सेवायोजन के मामलों का निस्तारण विलंबतम तीन माह में सुनिश्चित किया जाय। । उनकी ओर से शासन के सभी अधिकारियों को इस आशय का पत्र भी भेजा गया है। मुख्य सचिव एसपी गोयल की ओर से भेजे गये इस पत्र में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश में सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती ( यथासंशोधित) नियमावली 1974 प्रवर्तन में है। इस नियमावली का मूल उद्देश्य सरकारी सेवक की आकस्मिक मृत्यु के उपरांत उसके परिवार पर आयी आपदा/तात्कालिक आर्थिक संकट से उबारना है। पत्र में आगे कहा गया है



कि शासन के संज्ञान में आया है कि उत्तर प्रदेश में सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती (यथासंशोधित) नियमावली 1974 के अंतर्गत आने वाले अनेक कारणों से अनावश्यक विलंब हो रहा है। जिससे उक्त नियमावली की मूल भावना की पूर्ति न होने से इस व्यवस्था का लाभ संबंधित को ससमय प्राप्त नहीं हो पा रहा है । फलतः मृतक आश्रित परिवारों को आर्थिक संकट और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए निर्देशित किया जाता है कि नियमावली से आच्छादित ऐसे सभी प्रकरणों का निस्तारण विलंबतम तीन माह में पारदर्शिता साथ समयबद्ध रूप से निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें।

# 'मिसेज वर्चुअस क्वीन-पीपल्स चॉइस' की फाइनलिस्ट बनीं मंजरी सिंह




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की प्रतिभाशाली प्रतिभागी मंजरी सिंह को 'मिसेज वर्चुअस क्वीन-पीपल्स चॉइस' 2026 के लिए फाइनलिस्ट के रूप में चुना गया है। यह प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता विवाहित महिलाओं को अपनी प्रतिभा, व्यक्तित्व और सामाजिक सरोकारों को मंच देने का अवसर प्रदान करती है। राजधानी लखनऊ की मंजरी सिंह को 2026 की फाइनलिस्ट के रूप में प्रस्तुत किया गया है। वह मिसेज वर्चुअस 'मिसेज वर्चुअस क्वीन-पीपल्स चॉइस' सबटाइटल की दावेदार हैं। मंजरी सिंह ने ग्रूमिंग सेशन, पर्सनैलिटी राउंड और विभिन्न इंटरैक्टिव गतिविधियों में प्रभावशाली प्रदर्शन कर फाइनल में अपनी जगह बनाई। इस प्रतियोगिता का आयोजन 'मिसेज वर्चुअस क्वीन-पीपल्स चॉइस' द्वारा किया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश में महिला सशक्तिकरण और आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यरत है। मंजरी सिंह ने कहा कि, यह मंच महिलाओं को अपनी पहचान बनाने और समाज में सकारात्मक संदेश देने का अवसर देता है। प्रतियोगिता के आगामी चरणों में फाइनलिस्ट्स रैंप वॉक, टैलेंट राउंड और प्रश्नोत्तर सत्र में हिस्सा लेंगी। लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में मंजरी सिंह की उपलब्धि को लेकर उत्साह का माहौल है और उन्हें खिताब जीतने के लिए शुभकामनाएं दी जा रही हैं।

## उत्तर प्रदेश मीन महोत्सव और एक्वा एक्सपो-2026 शुरू

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज से 2 दिवसीय उत्तर प्रदेश मीन महोत्सव और एक्वा एक्सपो-2026 शुरू हुआ। महोत्सव 27 और 28 फरवरी 2026 को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में चलेगा। भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल और प्रदेश सरकार के मत्स्य विकास कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने महोत्सव का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री एसपी बघेल ने कहा इस शहर में आम महोत्सव होता था। मीन महोत्सव पहली बार हो रहा है। डॉ. संजय कुमार निषाद ने कहा बैंक वाले बहुत बदमाश हैं। विभाग से भी मत्स्य पालक का सर्टिफिकेट जारी होने के बाद भी किसानों लोन के लिए दौड़ाया जाता है। अधिकारियों से कहना चाहूंगा कि किसानों को हैरेस मत करिए कि वह मत्स्य विभाग से हट कर दूसरी जगह चले जाएं। मत्स्य सहकारी समिति अध्यक्ष वीरू साहनी ने कहा एसडीएम द्वारा काम नहीं किया जा रहा है। किसानों को ठेका देने के लिए दौड़ाया जाता है।

## अनाथालय के बच्चों को होली किट वितरित कर उनके साथ त्योहार की खुशियाँ साझा की

**लखनऊ।** लुलु हाइपरमार्केट लखनऊ ने एक बार फिर आपसी एकता के मूल्यों को साकार करते हुए होली के पावन अवसर पर एक विशेष पहल की। हैप्पी होली अभियान के अंतर्गत लुलु हाइपरमार्केट की टीम ने श्रीमद दयानंद बालसदन अनाथालय के बच्चों को होली किट वितरित कर उनके साथ त्योहार की खुशियाँ साझा कीं। इस अवसर पर बच्चों के साथ उत्साह और मुस्कान का सुंदर संगम देखने को मिला। होली किट पाकर सभी बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। कार्यक्रम के दौरान टीम ने बच्चों के साथ समय बिताया और प्रेम, अपनत्व एवं साथ मिलकर त्योहार मनाने का संदेश दिया। यह पहल लुलु हाइपरमार्केट की उस सोच को दर्शाती है, जिसमें हर त्योहार को समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर मनाने पर जोर दिया जाता है। लुलु समूह का मानना है कि सच्ची खुशी तब होती है जब उसे साझा किया जाए और हर चेहरे पर मुस्कान लाई जाए।

# लखनऊ में राज्य स्तरीय बाल उत्सव में मुस्कराएगी बेटियों की प्रतिभा

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को राजधानी लखनऊ में आयोजित होगा राज्य स्तरीय बाल उत्सव

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आठ मार्च को राजधानी लखनऊ में आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय बाल उत्सव में प्रदेश भर की बेटियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का भव्य प्रदर्शन होगा। समग्र शिक्षा के अंतर्गत आयोजित इस महोत्सव में सभी जिलों से चयनित प्रतिभागी सात मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे और अगले दिन सांस्कृतिक, रचनात्मक एवं बौद्धिक गतिविधियों के राज्य स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा का दमखम दिखाएंगे। उल्लेखनीय है कि महिला दिवस पर आयोजित यह राज्य स्तरीय बाल उत्सव 'सशक्त बालिका-समृद्ध उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक प्रेरक पहल बनेगा और यह संदेश देगा कि मंच, मान और अवसर मिलने पर बेटियां हर क्षेत्र में उत्कृष्टता का नया मानक स्थापित कर सकती हैं। इस संबंध में



बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह का कहना है कि महिला दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय बाल उत्सव प्रदेश की बेटियों को उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के प्रदर्शन का सशक्त मंच देगा। हर बालिका को शिक्षा के साथ पहचान और अवसर दिलाना और उन्हें भविष्य की नेतृत्वकर्ता बनाना सरकार का प्रमुख उद्देश्य है। इस बाल उत्सव में बेटियों को अपनी अभिव्यक्ति, नवाचार और नेतृत्व कौशल प्रदर्शित करने का व्यापक अवसर मिलेगा। राज्य स्तर पर चयनित प्रतिभागियों को मंच, मार्गदर्शन और सम्मान प्रदान करते हुए यह आयोजन इस तथ्य को रेखांकित करेगा कि उत्तर प्रदेश की बेटियां अब हर क्षेत्र में नई पहचान गढ़ने की क्षमता रखती हैं। आयोजन के माध्यम से बालिकाओं के आत्मविश्वास और रचनात्मकता को प्रोत्साहन मिलेगा, साथ ही उन्हें स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और टीम भावना के साथ सीखने का अवसर भी प्राप्त होगा। जनपद स्तर से राज्य स्तर तक की चयन प्रक्रिया से गुजरकर पहुंचने वाली प्रतिभाएं प्रदेश की विविध सांस्कृतिक धरोहर और शैक्षिक क्षमता की झलक भी प्रस्तुत करेंगी। इस संबंध में महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश मोनिका रानी का कहना है कि राज्य स्तरीय बाल उत्सव में जनपदों से चयनित बालिकाओं को रचनात्मक, सांस्कृतिक और बौद्धिक अभिव्यक्ति का व्यापक अवसर मिलेगा। यह आयोजन बालिका प्रतिभाओं को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें राज्य स्तर पर सम्मानित करने का अवसर है। उत्सव में क्या होगा-प्रदेश के सभी जनपदों से चयनित प्रतिभागियों की सहभागिता-सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएं-बौद्धिक एवं नवाचार आधारित -बालिका प्रतिभाओं पर विशेष फोकस-राज्य स्तरीय मंच पर सम्मान व प्रमाणन-07 मार्च को प्रतिभागियों का आगमन, 8 मार्च को मुख्य आयोजन।

## रोटरी क्लब लखनऊ का 89वां चार्टर डे एवं रोटरी इंटरनेशनल फाउंडेशन डे समारोह सम्पन्न

**लखनऊ।** रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ द्वारा 14।, रोटरी मार्ग, निराला नगर स्थित रोटरी भवन में 89वां चार्टर डे एवं रोटरी इंटरनेशनल के फाउंडेशन डे का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एनडी रोटेरियन मंकेश्वर पांडेय अपनी धर्मपत्नी सहित सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब द्वारा विशेष रूप से पद्मश्री सम्मान से अलंकृत प्रो. डॉ. रोटेरियन राजेंद्र प्रसाद को सम्मानित किया गया। उनके सामाजिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ के अध्यक्ष रोटेरियन गणेश अग्रवाल ने की, जबकि संचालन सचिव रोटेरियन विभोर अग्रवाल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में अध्यक्ष ने रोटरी के सेवा कार्यों, समाज के प्रति प्रतिबद्धता तथा मानवीय मूल्यों को सुदृढ़ करने के संकल्प को दोहराया।

# शहरी जलधाराओं की सुरक्षा के लिये शुरू की गयी ट्रैश शील्ड प्लान योजना

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। प्लास्टिक प्रदूषण की बढ़ती चुनौती का समाधान करने और शहरी जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज (एचडीबीएफएस) ने सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एजुकेशन (सीईई) के साथ साझेदारी में लखनऊ में 'ट्रैश शील्ड प्लान' शुरू किया है। इस योजना का उद्देश्य स्मार्ट कचरा अवरोधकों (ट्रैश बैरियर्स) की स्थापना के साथ-साथ सामुदायिक स्तर पर अन्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पहलों को लागू करना है। यह पहल लखनऊ की चयनित शहरी नहरों के हिस्सों में तैरते हुए कचरे के प्रबंधन पर केंद्रित है, जिनमें पकरिया घाट और हनुमान सेतु के आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। इन स्थानों पर भौगोलिक स्थिति और उपयोग के पैटर्न के कारण विभिन्न प्रकार का कचरा प्रवाह होता है। रणनीतिक स्थानों पर स्मार्ट ट्रैश बैरियर्स की स्थापना के माध्यम से, यह परियोजना तैरते हुए मलबे को नीचे की ओर बड़े जलस्रोतों में जाने से रोकने का प्रयास करती है। स्थानीय रूप से डिजाइन और निर्मित ये ट्रैश बैरियर्स किफायती और मॉड्यूलर प्रकृति के हैं, जिससे इन्हें विभिन्न चौड़ाई और जल प्रवाह दर वाली जलधाराओं में आसानी से स्थापित किया जा सकता है। एकत्रित कचरे को साफ कर नगर निकायों को सौंप दिया जाता है, ताकि उसका पर्यावरण-अनुकूल तरीके से निपटान किया जा सके या उसे मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटीज में भेजा जा सके, जहां आगे पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) की प्रक्रिया की जाती है। इस प्रकार व्यवस्थित निपटान यह सुनिश्चित करता है कि अपशिष्ट प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र में प्रवेश न करे और साथ ही नगर निकायों की मौजूदा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को भी सुदृढ़ करता है। यह पहल निर्धारित स्थानों पर प्लास्टिक कचरे को अनुमानित रूप से 50 प्रतिशत तक कम करती है और महत्वपूर्ण नदियों एवं समुद्री पर्यावरण में प्लास्टिक मलबे के प्रवेश को रोकती है। इसके माध्यम से हर वर्ष लगभग 80द्100 टन प्लास्टिक और अन्य मलबे का संग्रहण संभव हो पाता है, जिससे जलीय आवासों के पुनर्स्थापन में मदद मिलती है और जल गुणवत्ता संकेतकों में लगभग 30 प्रतिशत तक सुधार होता है। इसके अतिरिक्त, कचरे के जमाव से होने वाले नालों के अवरोध को समाप्त कर बाढ़ के जोखिम को कम किया जाता है और शहरी जल प्रणालियों को अधिक स्वस्थ बनाने में योगदान मिलता है। इस परियोजना में एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के सहयोग पर टिप्पणी करते हुए, एचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ पीपल एंड ऑपरेशंस, आशीष घाटनेकर ने कहा,ल्लएचडीबी फाइनेंशियल सर्विसेज में हमारे लिए स्थिरता केवल पर्यावरण संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे तंत्र विकसित करने के बारे में है जो समुदायों को साझा संसाधनों के संरक्षण में भागीदारी करने में सक्षम बनाते हैं। लखनऊ में ट्रैश शील्ड पहल का समर्थन करके, हम स्वच्छ जलधाराओं में योगदान देने के साथ-साथ सामुदायिक स्तर पर जिम्मेदार अपशिष्ट प्रथाओं को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# किसानों ने एलडीए के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीयवाद ने लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। किसान हाथों में डंडा-झंडा और हसिया लेकर पहुंचे । प्रदर्शन में शामिल महिला और पुरुष किसानों नारा लगाया जो ना माने झंडे से उसे समझाओ डंडे से। नाराज किसानों ने एलडीए के पुतले पर चोर लिखा। उसके बाद उसकी डंडों से पिटाई की। हसिया से काटा। किसान अपनी मांगों को लेकर एलडीए के मुख्य द्वार पर दरी बिछाकर बैठ गए हैं। किसान नेता अशोक यादव ने कहा किसानों को सिर्फ गुमराह किया जा रहा है। 40 वर्ष पूर्व 1984 में हमारी जमीन लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अधिकृत कर ली थी। उस समय 84 पैसे के हिसाब से मुआवजा तय हुआ। हम लोगों ने फिर वार्ता किया, तो मुआवजा 2.5 रुपए हुआ। कुछ लोग कोर्ट चले गए इसके बाद 4 रुपये 60 पैसे दर के हिसाब से तय हुआ। 2016 में अंतिम मोहरश्कोर्ट के द्वारा लगी की 4.60 पैसे सभी किसानों को दिया जाए, लेकिन एलडीए कह रहा है कि हमारे पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, इसलिए हम मुआवजा नहीं दे पाएंगे। जमीन अधिकृत करते समय विभिन्न प्रकार की सुविधा देने की बात कही थी। जिसमें मुख्य रूप से प्रत्येक परिवार को नौकरी, आवास, गांव का विकास और किसान भवन समेत तमाम चीजें शामिल थी। किसानों ने कहा कि लखनऊ का किसान आज दर-दर की ठोकर खाने पर मजबूर है। 3 श्मशान स्थल थे, जिसमें से सिर्फ एक ही बचा है। एलडीए ने हमसे वादा किया था कि 400 चबूतरे विराज खंड में दिया जाएंगे जिस पर हमारे किसान भाई अपना रोजगार करेंगे।

# महिला ने लखनऊ में लोकभवन के बाहर आत्मदाह का किया प्रयास

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शुक्रवार दोपहर को लोक भवन के बाहर एक महिला ने आत्मदाह का प्रयास किया। वहां मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने महिला को बचाते हुए पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

हजरतगंज थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि मानक नगर के न्यू श्रीनगर की रहने वाली महिला का जमीन का विवाद इकबाल से चल रहा है। आरोप है कि इकबाल ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया है। इस मामले में जब उन्होंने पुलिस और स्थानीय प्रशासन और तहसील में शिकायत की तो उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं, कार्रवाई न होने के बाद उसका हौसला बढ़ गया और अब इकबाल उन्हें धमका रहा है। कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से वह काफी परेशान है। इसी वजह से शुक्रवार दोपहर को वह लोकभवन के पास आत्मदाह के लिए पहुंची थी। उनके हाथ में ज्वलनशील पदार्थ था,



जैसे ही उसने अपने ऊपर उड़ेलकर आग लगाने का प्रयास किया । भवन की सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस कर्मियों ने उसे रोक लिया। महिला को हजरतगंज पुलिस के सुपुर्द किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला से जुड़े मामले में संबंधित थाना पुलिस और उच्चधिकारी को अवगत करा दिया गया है। इसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

# बैंगलुरु में आरंभ हुयी आईईएसए विज़न समिट

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर हेतु देश के प्रधान उद्योग निकाय, इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन ने बैंगलुरु के लीला भारतीय सिटी कन्वेंशन सेंटर में आईईएसए विज़न समिट 2026 का उद्घाटन किया। इंडस्ट्री, सरकार और एकेडेमिया के सबसे तेज़ दिमागों को एकजुट करने वाले दो दिवसीय समिट डिज़ाइन टू मैन्युफैक्चरिंगः सिनर्जी ऑफ प्रोडक्ट, प्रोडक्शन एंड स्किल ने भारत के प्रोडक्ट नेशन बनने के सपने में एक बड़े बदलाव का इशारा दिया। आईईएसए के प्रेसिडेंट अशोक चांडक ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा भारत पहले ही सेमीकंडक्टर डिज़ाइन में वैश्विक लीडरशिप दिखा चुका है। अगला कदम स्पष्ट है हमें वैल्यू चेन पूरी करनी होगी। हमें उस वृद्धि को बनाए रखने के लिए बिना किसी समझौते के क्वालिटी और बहुत कुशल कार्यबल के साथ बड़े पैमाने पर विश्व स्तरीय उत्पाद रचने, निर्माण और मैन्युफैक्चर करने होंगे। भारत के पास दुनिया को सशक्त करने के लिए इंजीनियरिंग प्रतिभा है। अब हमें साहस से इनोवेट करने का पक्का इरादा, प्रतिस्पर्धी तरीके से मैन्युफैक्चर करने का अनुशासन और अपने लोगों को लगातार कुशल बनाने के दूरगामी नजरिये की ज़रूरत है सिर्फ भारत के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक टेक्नोलॉजी ईकोसिस्टम के लिए भी। आईईएसए के चेयरपर्सन श्री रुचिर दीक्षित ने कहा




आईईएसए विज़न समिट, पिछले कुछ सालों में, एक कॉन्फ्रेंस से कहीं ज्यादा बन गया है यह एक नेशनल कन्वर्जेंस प्लैटफॉर्म बन गया है जहां विचार, सहभागिता, नीति, नवाचार और निष्पादन एक साथ मिलकर असली असर डालते हैं। यह समिट उद्योग के अग्रणियों, सरकार के नीति निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों, स्टार्ट-अप इनोवेटर्स, शिक्षा जगत और ईकोसिस्टम पार्टनर्स' को एक साथ लाता है - सभी एक ही मकसद से एकजुट हैं भारत को सेमीकंडक्टर डिज़ाइन, मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन के लिए एक ग्लोबल हब में बदलना। समिट को संबोधित करते हुए श्री अमितेश कुमार सिन्हा, सीईओ और अतिरिक्त सचिव, आईएसएम, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने कहा भारत की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग ग्यारह सालों में छह गुना बढ़ी है यह नीतिगत इरादे, इंडस्ट्री के भरोसे और वैश्विक साझेदारी पर बनी नींव है। हम अपने सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण में आगे बढ़ रहे हैं, और हम ऐसा दीर्घकालिक इरादे के साथ कर रहे हैं। भारत विभिन्न एआई एप्लीकेशंस डिज़ाइन करने पर काम कर रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के तहत एनएसएम एआई के लिए ज़रूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के डिज़ाइन और डैवलपमेंट पर काम कर रहा है। आईएसएम 2.0 में, डिज़ाइन, मैन्युफैक्चरिंग और पैकेजिंग के लिए सहयोग जारी रहेगा और सेमीकंडक्टर ईकोसिस्टम डैवलपमेंट के लिए इसे और बढ़ाया जाएगा। कटिंग ऐज टेक्नोलॉजी और स्किलिंग में अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) पर भी प्रमुख रूप से ध्यान केनद्रित किया जाएगा। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन सिर्फ एक सरकारी पहल नहीं है, यह सभी स्टेकहोल्डर्स का सफर है जिसका लक्ष्य एक मज़बूत, भरोसेमंद और भविष्य हेतु तैयार सप्लाई चेन बनाना है जो सिर्फ एक देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में स्थिरता लाए। सेमी के सीईओ और प्रेसिडेंट श्री अजीत मनोचा ने उद्घाटन के मौके पर कहा जब मैं सैन फ्रांसिस्को में खड़ा हुआ और 2030 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का अनुमान लगाया, तो मैं उतना बड़ा नहीं सोच रहा था। हम पहले से ही 1 ट्रिलियन डॉलर पर हैं - 2030 तक नहीं, लेकिन आज की तारीख में अगर हम हाइपरस्केलर्स और बड़ी सिस्टम कंपनियों द्वारा इन-हाउस डिज़ाइन और बनाए जा रहे चिप्स को ध्यान में रखें - तो इंडस्ट्री पहले ही उस सीमा को पार कर चुकी है। इसलिए आज, मैं एक नया दांव लगा रहा हूं- 2035 तक 2 ट्रिलियन डॉलर। यह कोई उम्मीद नहीं है। यह एक रणनीतिक अनुमान है जो इस बात पर आधारित है कि यह उद्योग किस दिशा में जा रहा है - एआई, ऐडवांस्ड पैकेजिंग और टेक्नोलॉजी स्टैक की हर परत पर कंप्यूट की कभी न खत्म होने वाली मांग से प्रेरित।

# डेढ़ करोड़ की लागत से चमकेगा हथौड़ा-त्योना संपर्क मार्ग, विधायक ने किया भूमि पूजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** आखिरकार क्षेत्र वासियों की मांग पूरी हो गई! वर्षों से बदहाल पड़े हथौड़ा त्योना सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत कार्य का शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक रामपाल वर्मा ने मंत्रोच्चारण के बीच भूमिपूजन कर शुभारंभ किया! कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे!

बताया जाता है कि यह मार्ग लंबे समय से गड्ढों में तब्दील हो चुका था। बरसात के दिनों में सड़क पर भीषण जल भराव हो जाता है जिससे स्कूली बच्चों मरीज किसानों व्यापारियों व राहगीरों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है ! कई बार राहगीर इस जर्जर मार्ग पर गिरकर चुटहिल भी हो चुके हैं! एंबुलेंस जैसे अन्य आपातकालीन सेवाओं को आवागमन में भारी कठिनाई होती है! ग्रामीणों कई बार ज्ञापन देकर सड़क निर्माण की मांग उठा चुके हैं !

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है! उन्होंने बताया कि सड़क के निर्माण में लगभग डेढ़ करोड़ की लागत से उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री का उपयोग किया जाएगा! उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के तय समय सीमा में पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है! उन्होंने कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला होती है! बेहतर सड़के न केवल लोगों को सुविधा देती है बल्कि व्यापार शिक्षा स्वास्थ्य कृषि जैसी मूलभूत गतिविधियों को भी गति प्रदान करती हैं! लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता आरके मौर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि 4.57 किमी हथौड़ा तिराहे से त्योना संपर्क मार्ग को 149.29 लाख की लागत से जून माह तक तैयार कराया जाना है! जिसका निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा! मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग किया जायेगा! गुणवत्ता की निगरानी के लिए समय.समय पर निरीक्षण भी किया जाएगा! कार्यक्रम के इस अवसर पर युवा भाजपा नेता अरिजीत वर्मा सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र बाजपेई नगर पंचायत अध्यक्ष राधारमण शुक्ला भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक सिंह अजय बाजपेई सुनील सोनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनप्रतिनिधि भाजपा पदाधिकारी विभाग के अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे!



## मनचले आशिक से परेशान पीड़िता अधिकारियों के लगा रही चक्कर, गांव से पलायन करने को मजबूर

■ पीड़िता ने राघोपुर चौकी इंचार्ज पर आरोपी पर कार्रवाई न करने का लगाया आरोप।

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**मल्लावाँ ( हरदोई )।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव की महिला ने गांव के युवक पर लंबे समय से छेड़छाड़, मारपीट और घर में घुसकर जबरन अश्लील हरकतें करने के प्रयास का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

पीड़िता के अनुसार, गांव निवासी ऋषभ द्विवेदी पुत्र प्रमोद द्विवेदी बीते वर्षों से उसे परेशान करता आ रहा है। पूर्व में भी उसने छेड़छाड़ की शिकायत थाने में की थी, जिस पर मुकदमा दर्ज हुआ था। पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2018 में उसकी शादी हो गई थी, लेकिन आरोपी द्वारा खींचे गए आपत्तिजनक फोटो ससुराल पक्ष को भेज देने के कारण उसका वैवाहिक जीवन प्रभावित हो गया। वह पिछले तीन वर्षों से अपने पिता के घर पर रह रही है। आरोप है कि आरोपी लगातार रास्ता रोककर गाली-गलौज करता और जान से मारने की धमकी देता है। तहरीर के अनुसार, 24 नवम्बर 2025 की रात करीब 10 बजे मन चला आरोपी ने मकान के पीछे से रस्सी के सहारे घर में घुसकर उसके साथ जबरन अश्लील हरकते करने का प्रयास किया। पीड़िता द्वारा विरोध करने पर हाथापाई में युवती के गाल पर चोट आई। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए छत के रास्ते फरार हो गया।

पीड़िता शिल्पी कुशवाहा पुत्री राम रहीस ने आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि मेरे पति द्वारा विवाह के बाद से ही उसे प्रताड़ित किया जाता रहा और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। प्रार्थिनी के अनुसार उसकी शादी थाना मल्लावां क्षेत्र के नयागांव निवासी गोविंद कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही पति तथा ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों द्वारा कथित रूप से उत्पीड़न शुरू कर दिया था। स्थिति बिगड़ने पर उसे ससुराल से निकाल दिया गया, जिसके बाद से वह अपने मायके ग्राम गढ़ी रसूलपुर में रह रही है। इसके पीछे आरोपी ऋषभ द्विवेदी द्वारा ससुराल में भ्रम फैलाया गया और शादी के पहले से लगातार छेड़छाड़ करता रहा जिसके कारण उसके पिता माता के खिलाफ पीड़िता द्वारा स्थानीय थाना मल्लावां पर अपराध संख्या-230/17 धारा 354, 323, 504 मुकदमा पंजीकृत कराया गया था मामला न्यायालय में विचाराधीन रहा। इसके बावजूद भी मनचला आशिक द्वारा लगातार धमकियां मिलती रहीं। पीड़िता का कहना है कि दबाव बनाने के उद्देश्य से उसके परिवार को भी मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिससे उसके माता-पिता को गांव छोड़कर गांव से बाहर रहना पड़ रहा है।

पीड़िता के अनुसार वर्ष 2025 में अपराध संख्या-450/2025 को भी पीडिता ने पुनः थाना मल्लावां में धारा 333, 74, 352, 351(3) बीएनएस के तहत ऋषभ द्विवेदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद भी विपक्षी द्वारा फोन कॉल के माध्यम से उसे व उसके परिवार को धमकाया गया तथा गलत संदेश प्रसारित कर बदनाम करने का प्रयास किया गया। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से आरोपितों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पीड़िता ने राघोपुर चौकी इंचार्ज प्रदीप पांडे पर आरोप लगाया है कि उनकी शिथिल कर्य शैली को देखते हुए आरोपी के हौसले बुलंद है। कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो उसके परिवार को जान माल का खतरा है तथा पीड़िता परिवार सहित गांव व जनपद छोड़कर बाहर पलायन करने पर मजबूर हो जाएगी।

इस संबंध में चौकी इंचार्ज राघोपुर से वार्ता किया गया तो उन्होंने कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए। ऐसी स्थिति में एक तरफ सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ नारी सशक्तिकरण को लेकर रात दिन प्रशासन को निर्देश दे रहे हैं। लेकिन चौकी राघोपुर की पुलिस का रवैया नारी सशक्तिकरण के प्रति संतोष जनक दिखता नजर नहीं आ रहा है। 3 वर्षों से दर-दर भटक रही महिला का मनचला आशिक पर पुलिस कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रही है।



पीड़िता फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

## सन शाइन कॉन्वेंट स्कूल में हुआ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**कछौना ( हरदोई )।** सन शाइन कॉन्वेंट स्कूल में एक दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें स्कूल की कक्षा एक से आठ तक की टीमो ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी पीयूष गुप्ता क्रांतिवीर सिंह व अमरदीप गुप्ता ने किया! उद्घाटन मैच कक्षा एक व दो की टीम के बीच हुआ जिसमें कक्षा दो की टीम ने जीत दर्ज की! अन्य मुकाबलों में कक्षा पाँच व कक्षा आठ की टीमें फाइनल में पहुँची। जिसमे फाइनल मुकाबला कक्षा आठ की टीम ने अपने नाम किया व कक्षा पाँच की टीम उप विजेता रही। जिन्हें पत्रकार केपी सिंह व शांतनु गुप्ता जी ने ट्रॉफी सील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक सुनील सोनी ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया व बच्चों को संदेश दिया कि शिक्षा के साथ साथ शारीरिक खेल कूद भी बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अति महत्वपूर्ण है। प्रधानाचार्य मो० शोएब ने कहा कि मोबाइल व सोशल मीडिया पर अपना समय व्यर्थ न करके अपना समय अच्छी गतिविधियों में लगाये! प्रतियोगिता में शिक्षक वर्ग से आलिया ने रेफरी, प्रियांशू व अवनीश ने स्कोरर तथा अनुज व विजय ने कॉमेंट्री की भूमिका निभाई!



विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते अतिथि

## दूसरा विवाह करने पर पत्नी ने पति सहित नौ लोगों पर केस दर्ज कराया

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली शाहाबाद के ग्राम रामपुर हृदय नया गांव निवासी एक पीड़िता ने पति द्वारा बिना तलाक लिए दूसरा विवाह कर लेने पर केस दर्ज कराया है। यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर हुई है। पत्नी ने लिखित शिकायती पत्र देकर पति सहित नौ लोगों पर साजिश करने और उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। एसपी अशोक कुमार मीणा के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच पड़ताल प्रारंभ कर दी है। पीड़िता जुबली पत्नी नरवीर के अनुसार उसका विवाह 14 मार्च 2015 को नरवीर पुत्र बाबूराम के साथ हुआ था। विवाह के बाद से उसका पति, ससुर, सास सुशीला देवी, जेठ वीर बहादुर, जेठानी रिंकी, ननद रेनू, नीलम, अंजली और पूजा ने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। उसका आठ वर्षीय पुत्र भी है। उसके द्वारा उत्पीड़न के कई वाद न्यायालय में विचाराधीन हैं। वह पुत्र के साथ मायके में रह रही है। पति ने विपक्षी गणों के साथ मिलकर 17 फरवरी को किसी महिला के साथ दूसरा विवाह कर लिया। सूचना पर वह पुत्र के साथ पति के घर गयी तो वहां विवाह समारोह चल रहा था। विरोध किया तो पति ने कुल्हाड़ी से उस पर हमला कर उसे घायल कर दिया। विपक्षी उसकी और पुत्र की सम्पत्ति के लालच में हत्या करना चाहता है। एसपी के आदेश पर पीड़िता की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

## तमंचे के साथ युवक को पड़कर पुलिस को सौंपा

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेगमपुरवा में ग्रामीणों ने एक युवक को तमंचे के साथ पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पकड़े गए युवक का साथी मौका पाकर भागने में सफल रहा। पुलिस ने गिरफ्तार युवक और उसके फरार साथी पर शस्त्र अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज कर युवक को जेल भेज दिया है। बेगमपुरवा निवासी गुरुदेव रैदास पुत्र विश्राम के अनुसार 24/25 फरवरी की रात वह अपने घर पर था। तभी उसके परिचित शाहजहांपुर जनपद के सेहरामऊ थाना के ग्राम डीगूर पुर निवासी दीपांकर पुत्र बद्रीप्रसाद अपने साथ कोतवाली शाहाबाद के ग्राम हुसैनापुर निवासी आशुतोष प्रजापति पुत्र गुरुवचन के साथ उसके दरवाजे नशे में आये और आपस में विवाद करने लगे। गांव निवासी संतोष पुत्र छूँन्नुलाल ने राजेश, श्यामू, और राहुल के साथ उन दोनों को घेर लिया। आशुतोष अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। ग्रामीणों ने दीपांकर के पास से एक तमंचा और एक कारतूस बरामद किया। ग्रामीणों ने उसे शाहाबाद पुलिस के सुपुर्द किया है। शाहाबाद कोतवाली प्रभारी अरविन्द कुमार राय ने बताया तमंचे सहित पकड़े गए युवक और उसके फरार साथी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस वैधानिक कार्यवाही कर रही है।

## मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अलग अलग थाना क्षेत्रों मे हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर संबंधित थाना पुलिस आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। शाहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गौरिया निवासी पूनम पत्नी मुनेश के अनुसार 16 फरवरी की शाम करीब छह बजे गांव निवासी वेदपाल पुत्र पियारे ने पत्नी अनीता और हरिबाबू पुत्र रामभरोसे के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में उसे गाली गलौज कर लाठी डण्डों से मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर उसकी सास कुसुमा बचाने आई तो आरोपियों ने उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया। मझिला थाना क्षेत्र के ग्राम करावां के मजरा अगनेपुरवा निवासी मुन्नवर पुत्र साकिर के अनुसार 21 फरवरी को सुबह करीब 9 बजे वह सुरेन्द्र सिंह के साथ खेत पर बैठा थाए तभी पुरानी रंजिश को लेकर मारुश पुत्र इरशादए आयुब पुत्र वाजिद और अब्बास पुत्र रज्जाक लाठी डंडा लेकर खेत पर आये और उसे गाली गलौज कर लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। सुरेन्द्र सिंह के बचाने पर आरोपी उसे जान से मार डालने की धमकी देते हुए चले गए। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में संबंधित थाना पुलिस ने पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल करवाया है। पुलिस द्वारा उक्त घटनाओं की जांच शुरू कर दी गई है।

## किशोरी को भगाने वाले आरोपियों पर एसपी के आदेश से रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित माँ के अनुसार उसकी 16 वर्षीय पुत्री को दो फरवरी की शाम को थाना के ग्राम गहोरा निवासी धीरू राठौर पुत्र रामवीर अपने चाचा संदीपए अशोक और अपनी माँ के सहयोग से बहला फुसला कर भगा ले गया। पुत्री को काफ़ी तलाश किया लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पीड़िता की लिखित तहरीर पर एसपी द्वारा पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को शीघ्र बरामद करने के निर्देश दिए गए हैं।

## छेड़छाड़ करने वाले मनचलों को ग्रामीणों ने धुनाई कर पुलिस को सौंपा

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेहटा गोकुल थाना के एक गांव में माँ के साथ खेत पर गयी किशोरी को छेड़ने वाले दो मनचलों को ग्रामीणों ने पकड़कर उनकी धुनाई की और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की है। पीड़ित मां के अनुसार 25 फरवरी को वह अपनी 16 वर्षीय पुत्री के साथ खेत पर काम कर रही थी। तभी थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी अजय और अंकित ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ की। पुत्री के शोर मचाने पर आसपास खेत में कार्य कर रहे ग्रामीणों ने दोनों को पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## दो बाइक टकराई, एक बाइक सवार घायल, सीएचसी में भर्ती

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली के पाली शाहाबाद मार्ग पर सहोरा गांव के निकट स्थित पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल बाइक सवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पाली थाना क्षेत्र के ग्राम गुजीदेई निवासी लालाराम यादव पुत्र केशव राम यादव गुरुवार की रात 8रू00 बजे गांव से आ रहे थे। सहोरा पेट्रोल पंप के पास पेट्रोल लेने के लिए उन्होंने जैसे ही अपनी बाइक मोड़ी वैसे ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल को तत्काल 108 एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सा अधिकारी ने बताया घायल को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

## 'साबधानी ही सुरक्षा' नाटिका का मंचन कर लोगो को किया जागरूक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान 2026 के अंतर्गत चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय हरदोई के विद्यार्थियों द्वारा 'साबधानी ही सुरक्षा' नामक लघु नाटिका का मंचन किया गया। नाटक में विद्यार्थियों ने सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के पालन हेलमेट के उपयोग, नशे में गाड़ी न चलाने, ट्रैफिक सिग्नल का पालन करने आदि महत्वपूर्ण विषयों को अपने अभिनय के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। नाटक के प्रतिभागी छात्र-छात्राओं अमन कुमार दुबे, पूर्णिमा सेन, प्रीति देवी, शिवानी द्विवेदी एवं अनुराग कुमार ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया तथा सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 निखिलेश शरण ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे युवा हमारे राष्ट्र की निधि है। वे सड़क पर स्वयं भी सुरक्षित चले और समाज में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुकता का व्यापक प्रसार करें। अंत में सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ0 नमिता त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर डॉ0 शैलजा शर्मा, डॉ0 राज किशोर पांडे, डॉ0 अर्पिता मौर्य डॉ0 गुरविंदर कौर, डॉ0 कृष्ण कुमार कनौजिया, डॉ0 शिवम मौर्य, डॉ0 गुलशन कुमार आदि प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जीएसटी फर्जीवाड़ा का भंडाफोड़, करोडो की आईटीसी ट्रांसफर करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** जनपद में जीएसटी से जुड़े बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा करते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस की कोतवाली शहर थाना हरदोई पुलिस ने 16.2 करोड़ रुपये की अवैध इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) हस्तांतरण के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दो लैपटॉप और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 जून 2025 को राज्य कर विभाग के उपायुक्त रविन्द्र कुमार द्वारा थाना कोतवाली शहर में तहरीर देकर बताया गया कि 'सर्व अली इंटरप्राइजेज' नामक फर्म के माध्यम से फर्जी तरीके से लगभग 16.42 करोड़ रुपये की आईटीसी अन्य राज्यों की कंपनियों/फर्मों को ट्रांसफर की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान अन्य धारा बीएनएस भी बढ़ाई गईं। विवेचना के दौरान सामने आए साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने दिल्ली से तीन अभियुक्तों- योगेन्द्र सिंह फर्त्याल, निशान्त दर्गन और हिमान्शु कुमार को गिरफ्तार किया। पूछताछ में इनके द्वारा फर्जी फर्मों के जरिए आईटीसी ट्रांसफर कर राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाने की बात सामने आई है। पुलिस टीम में निरीक्षक शिव गोपाल, उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह सहित अन्य कर्मियों ने कार्रवाई को अंजाम दिया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कर चोरी और आर्थिक अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी तथा ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## ड्रोन कैमरों से शहर की निगरानी, पर्वों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अलर्ट

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** आगामी त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जनपद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आ रहा है। होली, अलविदा जुमा और ईद जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। शहर के संवेदनशील इलाकों में विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो सके। इसी क्रम में शहर कोतवाली प्रभारी संजय त्यागी ने पुलिस बल के साथ महाराज सिंह पार्क से ड्रोन उड़ाकर शहर के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। ड्रोन कैमरे की मदद से मुख्य बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों, चौराहों और संवेदनशील इलाकों पर पैनी नजर रखी गई। आसमान से की जा रही निगरानी के कारण संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई करना संभव हो पा रहा है। पुलिस टीम ने शहर में पैदल गश्त, वाहन चेकिंग भी किया। प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि त्योहारों के दौरान शांति भंग करनेए अफवाह फैलाने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस या कंट्रोल रूम को दें। प्रशासन ने कहा कि सभी धर्मों और समुदायों के लोग मिल-जुलकर त्योहार मनाएं, जिससे आपसी भाईचारा और सौहार्द बना रहे। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य है कि रमज़ान, होली और ईद जैसे पावन पर्व जिले में शांति, सुरक्षा और सौहार्द के वातावरण में संपन्न होंए ताकि हर नागरिक बिना किसी डर और बाधा के त्योहारों का आनंद ले सके।

## अपराध नियंत्रण के लिए ग्रामीणों के साथ रात्रि चौपाल

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा सतर्कता बढ़ाई जा रही है। इसी क्रम में बृहस्पतिवार की रात को हरियावां थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह के द्वारा थाना हरियावां क्षेत्रांतर्गत ग्राम बिलहरी में ग्रामीणों के साथ रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। रात्रि चौपाल के दौरान क्षेत्र में होने वाली आपराधिक घटनाओं की रोकथामए संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी तथा आपसी समन्वय को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने आसपास होने वाली किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और आपसी सहयोग से गांव व मोहल्ले की सुरक्षा सुनिश्चित करें। चौपाल में **हम सबकी निगरानी, गांव की जिम्मेदारी** के संदेश के साथ यह स्पष्ट किया गया कि अपराध नियंत्रण केवल पुलिस की ही नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की साझा जिम्मेदारी है। ग्रामीणों ने भी पुलिस को पूर्ण सहयोग देने और क्षेत्र में शांति व सुरक्षा बनाए रखने का भरोसा दिलाया। पुलिस प्रशासन ने बताया कि इस तरह की रात्रि चौपालों के माध्यम से जनता और पुलिस के बीच संवाद को मजबूत किया जा रहा है, जिससे समय रहते अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। इस मौके पे थाना प्रभारी वीर बहादुर, पत्रकार राहुल सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, अमित सिंह, रूपेन्द्र सिंह, कुरेंद्र, हर्षित, अनमोल, डेविड, छुटकुन्नू, नीरज, संतोष, मायाराम, सेवाराम, जदुनाथ, दीनदयाल, जयलाल, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

■ संदिग्ध व्यक्ति और घटनाओं के बारे में तत्काल पुलिस को दे सूचना: वीर बहादुर सिंह

## नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** क्षेत्र के कैलाश बाबू तिवारी मैरिज लॉन में शंकर आई हॉस्पिटल, कानपुर के सहयोग शुक्रवास को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आए मरीजों ने अपनी आंखों की जांच कराई। शिविर के संयोजक एवं विधायक प्रतिनिधि डॉक्टर रजनीश कुमार त्रिपाठी की देखरेख में आयोजित कैंप में कुल 70 मरीजों का पंजीकरण कर उनकी आंखों का परीक्षण किया गया। अत्याधुनिक मशीनों द्वारा की गई जांच के उपरांत 24 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया है। चयनित सभी 24 मरीजों को अस्पताल की विशेष बस द्वारा शंकर आई हॉस्पिटल, कानपुर ले जाया गया है। वहां इन मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन कर उन्हें नई रोशनी प्रदान की जाएगी। कैंप के दौरान डॉक्टरों ने मरीजों को आंखों की देखभाल और खान-पान के प्रति भी जागरूक किया। इस मौके विनय शुक्ला, डॉक्टर राहुल वर्मा और डॉक्टर राहुल तिवारी, राहुल त्रिपाठी, कमलेश पाल आदि मौजूद रहें।

## पुलिस बल ने प्रमुख मार्गो तथा बाजार में सघन गश्त की

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** रंगों के पर्व होली पर शांति और आपसी सौहार्द बनाए रखने के लिए हरपालपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट नजर आ रही है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज के नेतृत्व में पुलिस बल ने कस्बे के प्रमुख मार्ग तथा बाजार में सघन गश्त की। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए पुलिस ने आधुनिक तकनीक का सहारा लेते हुए ड्रोन कैमरों के जरिए पूरे कस्बे की निगरानी की।

प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने बताया कि त्यौहार के दौरान भीड़ का लाभ उठाकर अराजक तत्व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करते हैं। ऐसे तत्वों की पहचान के लिए ड्रोन कैमरों का उपयोग किया जा रहा है। ड्रोन की मदद से उन मकानों की छतों और तंग गलियों की भी जांच की गईए जहाँ पुलिस की सीधी पहुँच मुश्किल होती है। श ांति और भाईचारे की अपील गश्त के दौरान प्रभारी निरीक्षक ने स्थानीय व्यापारियों और संभ्रांत नागरिकों से संवाद किया। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि यदि किसी ने भी शराब पीकर हुड़दंग कियाए जबरन रंग डाला या किसी भी प्रकार की अभद्रता कीए तो उसके खिलाफबिना किसी ढिलाई के कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ड्रोन से निगरानी के साथ.साथ पुलिस बल ने कस्बे में पैदल गश्त कर आम जन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

## लाठी-डण्डो से पीट कर किया घायल

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** ग्राम अजतूपुर में पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही शैलेश और धीरू ने गांव निवासी अरविन्द को लाठी.डंडों से पीटकर घायल कर दिया। हमलावरों ने युवक को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

## शांति समिति की बैठक आयोजित की गई

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** आगामी होली और रमजान के त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के तमाम ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों और संभ्रांत नागरिकों ने शिरकत की। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पंकज ने उपस्थित संभ्रांतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे और खुशियों का प्रतीक हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और शांति व्यवस्था भंग करने वाले अराजक तत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों और असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक के दौरान डीजे संचालकों को विशेष रूप से सख्त हिदायत दी गई। एसएचओ ने कहा कि बिना विधिवत अनुमति के डीजे बजाना पूरी तरह प्रतिबंधित है। उल्लंघन करने पर न केवल डीजे जब्त किया जाएगाए बल्कि संबंधित संचालक के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। प्रभारी निरीक्षक ने लोगों से त्योहारों को परंपरागत और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के पत्रकार और पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**हरपालपुर ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कटरा-उन्नाव हाईवे पर बद्रीपुरवा के पास शुक्रवार की शाम एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। सवायजपुर के जिलगांव निवासी रामदेव पुत्र मुनेश्वर और मुनेश्वर पुत्र कृष्णपाल अपनी भतीजी को अरवल के दयालपुर स्थित इंटर कॉलेज में परीक्षा दिलवाने आए थे। वापसी के दौरान बद्रीपुरवा के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दीए जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में जा गिरी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद रामदेव की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## वीडियो वायरल करने वाले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बेहटा गोकुल थाना पुलिस ने आपत्ति जनक वीडियो वायरल करने के मामले में एक गांव निवासी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस के अनुसार सोशल मीडिया पर देश के प्रधानमंत्री का आपत्ति जनक वीडियो वायरल होने की सूचना पर पुलिस ने जाँच के आधार पर थाना क्षेत्र के ग्राम मानपुर के मजरा मगनपुर निवासी आशीष पुत्र रामू के विरुद्ध आई टी एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

**कार्यालय-प्रबन्धक/प्रधानाचार्य आर0 आर0 इण्टर कालेज,**

**नघेटा रोड, जनपद-हरदोई**

पत्रांक-ए/परस/एक/निविदा/11841/ 2025-2026, दिनाँक-27.02.2026

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विधायक निधि योजनांतर्गत आर0आर0 इण्टर कालेजए हरदोई में फर्नीचर कार्य हेतु 4.739 लाख रु0 की लागत (G.S.T. सहित) से कार्य होने है। इस हेतु इच्छुक फर्मों से कोटेशन की निविदा सील बंद लिफाफे में आमंत्रित किये जाते है। जिसका शुल्क 1500 रु0 (G.S.T. सहित) है। कोटेशन निर्धारित समय सीमा दिनाँक-27.02.2026 से दिनाँक-13.03.2026 तक सायं पांच बजे तक जमा किये जा सकते है।

पत्रांक-1605/परि0/वि0नि0यो0/2025-2026

(हस्ताक्षर)
प्रधानाचार्य
आर0 आर0 इण्टर कालेज, हरदोई

## बहुत शांत

कक्षाएं शांत होती जा रही हैं। विचार के साथ आने वाली चिंतनशील शांति में नहीं, बल्कि एक गहरी, स्थायी स्थिरता में जो भारतीय विश्वविद्यालयों में परिचित हो गई है। शैक्षणिक जीवन के एक करीबी पर्यवेक्षक के रूप में, मैंने देखा है कि यह शांति हमारे विश्वविद्यालयों में लगातार फैल रही है, तथा सीखने की प्रक्रिया को बदल रही है। उपस्थिति पैटर्न परिवर्तन का केवल एक हिस्सा ही प्रकट करता है। इससे भी अधिक आश्चर्यजनक बात यह है कि अब छात्रों का शिक्षाविदों के साथ रिश्ता बदल गया है। कक्षा, जो कभी बौद्धिक जीवन का निर्विवाद केंद्र हुआ करती थी, धीरे-धीरे अपना आकर्षण खो रही है। छात्र कम बार आते हैं, कम समय तक रुकते हैं, तथा दूर से सीखने में तेजी से संलग्न होते हैं। विश्वविद्यालय को एक साझा स्थान के रूप में प्रस्तुत करने का विचार, जिसमें उपस्थिति और भागीदारी की आवश्यकता होती है, कमजोर होता जा रहा है। सबसे अधिक दिखाई देने वाले बदलावों में से एक है पढ़ने की आदत। पुस्तकें, जो कभी विचारों के धीमी गति से निर्माण में सहायक होती थीं, अब स्क्रीन और पोर्टल की ओर झुक गई हैं। अब ज्ञान का सामना ऑनलाइन संसाधनों, सारांशों और खोज योग्य पाठों के माध्यम से किया जाता है। हालांकि इससे पहुंच बढ़ गई है, लेकिन ध्यान भी कम हो गया है। पढ़ना इमर्सिव के बजाय कुशल हो गया है, तथा निरंतर पढ़ने के बजाय चयनात्मक हो गया है। किसी कठिन तर्क के साथ बैठने, पुनः पढ़ने, चिंतन करने तथा किसी पाठ से चुपचाप असहमत होने के लिए आवश्यक धैर्य कम होता जा रहा है। सबसे अधिक परेशान करने वाली क्षति द्वंद्वात्मक सहभागिता में गिरावट है। कक्षा का उद्देश्य कभी भी मौन रहना नहीं था। इसमें ऐसे प्रश्न शामिल थे जो व्याख्यान में बाधा डालते थे, बहसें जो निष्कर्षों को अनिर्णीत कर देती थीं, तथा बातचीत जो पाठ्यक्रम से परे होती थी। आज, कई छात्र बोलने में संकोच करते हैं, चुनौती देते हैं, या गलत होने का जोखिम उठाते हैं। इस प्रकार मौन असहमति का स्थान ले लेता है। शिक्षण में एकतरफा प्रदर्शन और सीखने का निष्क्रिय स्वागत कार्य होने का जोखिम है। महामारी के बाद की स्थिति में विश्वविद्यालय में कई स्थानों पर कक्षाएं अप्रत्याशित रूप से खाली हो गई हैं। उपस्थिति को अब शिक्षा का अभिन्न अंग नहीं माना जाता, बल्कि इसे वैकल्पिक माना जाता है। इससे शैक्षणिक जीवन की लय बदल गई है। जब छात्र शारीरिक रूप से उपस्थित नहीं होते हैं, तो चर्चा को बनाए रखने वाली साझा ऊर्जा कमजोर हो जाती है। विचार उस तात्कालिकता को खो देते हैं जो वास्तविक समय में, उन साथियों की संगति में परीक्षण किए जाने से आती है जो प्रश्न पूछते हैं, प्रतिस्पर्धा करते हैं और प्रतिक्रिया देते हैं। यहां जो दांव पर लगा है वह अनुशासन या अनुपालन नहीं, बल्कि मूल्य है। विश्वविद्यालय लंबे समय से एक ऐसा स्थान रहा है जहां प्रश्नों का उतना ही महत्व था जितना कि उत्तरों का। इसने छात्रों को जोर से सोचने, ध्यानपूर्वक सुनने और असहमति के माध्यम से अपनी स्थिति को परिष्कृत करने का प्रशिक्षण दिया। ऐसी आदतें बार-बार मिलने, साझा ध्यान देने और उपस्थित होने के अनुशासन के माध्यम से विकसित होती हैं। शांत कक्षाएं इस बात को लेकर बड़ी चिंता पैदा करती हैं कि अब शिक्षा का अनुभव किस प्रकार किया जा रहा है। सीखना तेजी से एक निजी गतिविधि की तरह होता जा रहा है, जो व्यक्तिगत रूप से और अक्सर दूर से पूरा किया जाता है। फिर भी बौद्धिक विकास हमेशा सामूहिक आदान-प्रदान पर निर्भर रहा है। विचार तब गहरा होता है जब उसे दूसरों की उपस्थिति में बोला जाता है, विवादित किया जाता है और संशोधित किया जाता है। एकांतवास दक्षता को बढ़ा सकता है, लेकिन यह शायद ही कभी बुद्धि का पोषण करता है। यह प्रतिबिंब प्रौद्योगिकी या परिवर्तन के विरुद्ध कोई तर्क नहीं है। डिजिटल संसाधनों ने छात्रवृत्ति को निर्विवाद रूप से समृद्ध बनाया है और जांच के नए रास्ते खोले हैं। लेकिन वे मानवीय मुलाकात की जगह नहीं ले सकते जो शिक्षण और सीखने के मूल में है। कक्षा उन कुछ स्थानों में से एक है जहां ध्यान साझा किया जाता है, जहां विचार धीरे-धीरे सामने आते हैं, और जहां सोच एक दृश्यमान, सांप्रदायिक कार्य बन जाती है जिसे सुनने के साथ-साथ बोलने से भी आकार मिलता है।

> **शैक्षणिक जीवन के एक करीबी पर्यवेक्षक के रूप में, मैंने देखा है कि यह शांति हमारे विश्वविद्यालयों में लगातार फैल रही है, तथा सीखने की प्रक्रिया को बदल रही है। उपस्थिति पैटर्न परिवर्तन का केवल एक हिस्सा ही प्रकट करता है। इससे भी अधिक आश्चर्यजनक बात यह है कि अब छात्रों का शिक्षाविदों के साथ रिश्ता बदल गया है। कक्षा, जो कभी बौद्धिक जीवन का निर्विवाद केंद्र हुआ करती थी, धीरे-धीरे अपना आकर्षण खो रही है।**

# सीमाओं के परे साइबर अपराध का मुकाबला

चार्वी अरोड़ा

अपराधी फोन कॉल, संदेश और भरोसेमंद ब्रांडिंग का उपयोग कर सरकारी एजेंसियों और व्यवसायों का छद्म रूप धारण कर लेते हैं और हजारों मील दूर से भी पीड़ितों को धन या संवेदनशील जानकारी देने के लिए छलते हैं। जैसे-जैसे ये साइबर-सक्षम धोखाधड़ी नेटवर्क अमेरिकियों को तेजी से निशाना बना रहे हैं, अमेरिका और भारत के बीच सहयोग एक महत्वपूर्ण रक्षा पंक्ति बन गया है। नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में फ़ेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के लीगल अटैशे सुहेल दाऊद कहते हैं कि इन नेटवर्क का मुकाबला घनिष्ठ अंतरराष्ट्रीय समन्वय पर निर्भर करता है। एफबीआई स्थापित कानूनी और परिचालन साझेदारियों के माध्यम से भारतीय कानून प्रवर्तन के साथ निकटता से काम करती है। वह कहते हैं। हमारे सहयोग में खुफिया जानकारी साझा करना, संयुक्त जांच समन्वय, क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान-प्रदान शामिल है। एक बढ़ता खतराएफबीआई के इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में साइबर-सक्षम अपराध और धोखाधड़ी से होने वाला नुकसान 16.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। जैसे-जैसे अपराधी अधिक अवैध लाभ कमाते हैं, वे अपनी गतिविधियों का विस्तार सीमाओं के पार करते हैं। प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, वे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैं। आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैं यह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है। धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़कई साइबर धोखाधड़ी योजनाएं संगठित विदेशी कॉल सेंटरों से संचालित होती हैं। कुछ तो संपर्क सूची खरीदने या नकली वेबसाइट बनाने के लिए कंपनियों को काम देने जैसी सेवाओं का अनुबंध भी देते हैं। क्योंकि पीड़ित, साक्ष्य और अपराधी अक्सर कई देशों में फैले होते हैं, जांच के लिए घनिष्ठ समन्वय आवश्यक होता है। दाऊद एक सामान्य मामले का उदाहरण देते हैं: ल्लभारत में एक कॉल सेंटर पकड़ा जाता है लेकिन पीड़ित अमेरिकी नागरिक होते हैं और वित्तीय लेनदेन की कड़ी अमेरिका में होती है। भारतीय कानून प्रवर्तन एफबीआई से संपर्क करता है और एफबीआई पीड़ितों से संपर्क कर भारतीय अदालतों में गवाही की तैयारी करती है। एफबीआई भारतीय कानून प्रवर्तन को साक्ष्य की वित्तीय श्रृंखला पूरी करने में भी मदद करती है क्योंकि नुकसान अमेरिका में हुआ होता है। यह सहयोग जवाबदेही सुनिश्चित करता है। दाऊद कहते हैं यह साक्ष्य और पीड़ितों की गवाही सुनिश्चित करती है कि भारत में कॉल सेंटर संचालकों को अदालत में जवाबदेह ठहराया जाए। इस सहयोग के बिना मामले का अभियोजन संभव नहीं है। हाल की एक सफलता अमेरिका-भारत सहयोग के प्रभाव को दर्शाती है। एफबीआई बाल्टीमोर फील्ड ऑफिस, मोंटगोमेरी काउंटी पुलिस विभाग और मोंटगोमेरी काउंटी स्टेट्स अटॉर्नी कार्यालय द्वारा की गई संयुक्त जांच ने मैरीलैंड निवासियों और सैकड़ों अन्य अमेरिकियों को निशाना बनाने वाली धोखाधड़ी योजनाओं को भारत में संगठित ठग कॉल सेंटरों तक पहुंचाया। भारत के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिसंबर 2025 में इन कॉल सेंटरों को ध्वस्त किया और लगभग 5 करोड़ डॉलर की चोरी के लिए जिम्मेदार आपराधिक सिंडिकेट का नेतृत्व करने वाले छह भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया। दाऊद कहते हैं, हाल के समय में ऐसी सफलता के कई उदाहरण रहे हैं। यह सब एफबीआई और भारतीय कानून प्रवर्तन के साझेदार के रूप में हाथ मिलाकर काम करने से संभव हुआ है। व्यक्तिगत मामलों से परे, ये प्रयास दीर्घकालिक व्यवधान उत्पन्न करते हैं, आपराधिक पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर करके–वित्तीय चैनलों, डिजिटल अवसंरचना और भर्ती पाइपलाइनों को काटकर जो धोखाधड़ी अभियानों को बनाए रखते हैं। जागरूकता क्यों महत्वपूर्ण हैसाइबर धोखाधड़ी सभी आयु और पृष्ठभूमि के लोगों को प्रभावित करती है। दाऊद बताते हैं कि एक आम गलतफहमी यह है कि साइबर धोखाधड़ी केवल उन लोगों को निशाना बनाती है जो तकनीकी रूप से दक्ष नहीं हैं, लोग अक्सर मानते हैं कि वे कभी ठगी का शिकार नहीं होंगे। ये ठगी मानव मनोविज्ञान का शोषण करती हैं, तकनीकी कमजोरी का नहीं। साइबर धोखाधड़ी कोई पीड़ित-विहीन अपराध नहीं है। यह सेवानिवृत्त लोगों, परिवारों और छोटे व्यवसायों को प्रभावित करती है। कई मामलों में भावनात्मक प्रभाव वित्तीय नुकसान के बराबर होता है। दाऊद कहते हैं कि जागरूकता हमारी सबसे मजबूत रक्षा में से एक है, थोड़ी-सी भी सावधानी लोगों को ठगी पहचानने और वित्तीय या भावनात्मक नुकसान से बचने में मदद कर सकती है। ठगी की रिपोर्ट करना भी महत्वपूर्ण है। भले ही धन पहले ही खो गया हो, रिपोर्ट करने से कानून प्रवर्तन को पैटर्न पहचानने और आपराधिक नेटवर्क को बाधित करने में मदद मिलती है। प्रौद्योगिकी तेजी से विकसित होती है और निरंतर सहभागिता यह सुनिश्चित करती है कि जांचकर्ता आपराधिक रणनीतियों से आगे रहें। यह साझेदारी केवल अलग-अलग मामलों को सुलझाने के बारे में नहीं है बल्कि टिकाऊ संस्थागत शक्ति निर्माण के बारे में है।

> **एफबीआई स्थापित कानूनी और परिचालन साझेदारियों के माध्यम से भारतीय कानून प्रवर्तन के साथ निकटता से काम करती है। वह कहते हैं। हमारे सहयोग में खुफिया जानकारी साझा करना, संयुक्त जांच समन्वय, क्षमता निर्माण और तकनीकी आदान-प्रदान शामिल है। एक बढ़ता खतराएफबीआई के इंटरनेट क्राइम कंप्लेंट सेंटर (आईसी3) की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में साइबर-सक्षम अपराध और धोखाधड़ी से होने वाला नुकसान 16.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 33 प्रतिशत अधिक है। जैसे-जैसे अपराधी अधिक अवैध लाभ कमाते हैं, वे अपनी गतिविधियों का विस्तार सीमाओं के पार करते हैं। प्रौद्योगिकी इस वृद्धि को बढ़ावा देती है। दाऊद बताते हैं, वे नए प्रौद्योगिकी साधनों, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और समसामयिक घटनाओं का उपयोग कर धोखाधड़ी को अधिक विश्वसनीय बनाते हैं। आज कुछ धोखेबाज पीड़ितों को ठगने के लिए एआई का उपयोग कर नकली चित्र, ईमेल और आवाजें तैयार करते हैं। वे जोर देते हुए कहते हैं यह कोई मामूली परेशानी नहीं है,यह डिजिटल क्षेत्र में संचालित संगठित अपराध है।**

# सपनों को हकीकत में बदलने की कुंजी है विज्ञान

**राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विशेष**

योगेश कुमार गोयल

मानव जीवन को विज्ञान ने आज बेहद आसान और सुविधाजनक बना दिया है। युवाओं की विज्ञान के प्रति आज के समय में कितनी रूचि है, इसी पर देश का भविष्य निर्भर करता है। युवाओं के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग के दिलोदिमाग में विज्ञान के प्रति अधिकाधिक रूचि जागृत करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 फरवरी को 'राष्ट्रीय विज्ञान दिवस' मनाया जाता है। दरअसल, इस दिवस के जरिये बच्चों को विज्ञान को बतौर कैरियर चुनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि देश की आने वाली पीढ़ी विज्ञान के क्षेत्र में अपना उल्लेखनीय योगदान दे सके और देश प्रगति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहे।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान्‍ वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था। उस दौरान उन्होंने भौतिकी के कई बिन्दुओं पर शोध किया था, जिसमें से 'रमन प्रभाव' (प्रकाश के फैलने पर प्रभाव, जब विभिन्न वस्तुओं के द्वारा उसे गुजारा जाता है) उनकी महान सफलता और खोज बनी, जो न केवल विज्ञान जगत में लोकप्रिय हुआ बल्कि पूरी दुनिया ने उनकी इस खोज को सराहा। सर सीवी रमन की यह खोज 28 फरवरी 1928 को दुनिया के सामने आई थी, जिसके बाद पूरी दुनिया में उनकी इस खोज ने तहलका मचा दिया था। उनके इसी बड़े आविष्कार के लिए वर्ष 1930 में उन्हें भौतिकी के क्षेत्र में दुनिया का सबसे बड़ा माना जाने वाला 'नोबेल पुरस्कार' दिया गया था। वे एशिया के ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव हासिल हुआ था। 'रमन प्रभाव' खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार के अलावा भी अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। नोबेल पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात भारत लौटने पर उन्होंने कहा था कि मेरे जैसे न जाने कितने ही रमन सुविधाओं और अवसरों के अभाव में यूं ही अपनी प्रतिभा गंवा देते हैं, जिससे केवल उनका ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष का नुकसान है, जिसे हमें रोकना होगा।'' वर्ष 2013 से अमेरिकन केमिकल सोसायटी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय ऐतिहासिक केमिकल लैंडमार्क के रूप में 'रमन प्रभाव' को नामित किया गया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष एक निर्धारित थीम के तहत मनाया जाता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 का विषय है 'विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को उत्प्रेरित करना'। 2023 से 2025 तक राष्ट्रीय विज्ञान दिवस क्रमशः 'वैश्विक भलाई के लिए वैश्विक विज्ञान', 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' और 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' थीम के साथ मनाया गया था। वर्ष 2022 की थीम थी 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी में एकीकृत दृष्टिकोण' और वर्ष 2021 की थीम थी 'एसटीआई का भविष्य : शिक्षा कौशल और कार्य का प्रभाव'। एसटीअई का अर्थ है साइंस, टैक्नोलॉजी एंड इनोवेशन। यह विषय शिक्षा कौशल और कार्य पर विज्ञान, प्रोद्यौगिकी और नवाचार (एसटीअई) के भविष्य में पड़ने वाले प्रभाव पर प्रकाश डालता है। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का सबसे बड़ा उद्देश्य लोगों को हमारे दैनिक जीवन में विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों की महत्ता से परिचित कराना होता है, इसके अलावा वैज्ञानिक सोच रखने वाले लोगों को अवसर उपलब्ध कराना तथा उन्हें उनके कार्य के लिए प्रोत्साहित करना भी इसका अहम उद्देश्य है। विज्ञान के विकास के लिए नई तकनीकों को लागू कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने जैसे उद्देश्य राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के आयोजन में निहित हैं। विज्ञान के जरिये ही वैज्ञानिकों ने नई-नई तरह की तकनीकों का आविष्कार किया है और वैज्ञानिकों ने इन खोजों के जरिये मानव जीवन को बहुत बेहतर बना दिया है। इसी विज्ञान के जरिये हम रोबोट, कम्प्यूटर इत्यादि बनाने में सफलता प्राप्त करने के अलावा अंतरिक्ष तक में पहुंच गए हैं और असंभव दिखने वाले कार्यों को भी विज्ञान की मदद से ही संभव बनाते रहे हैं। विज्ञान की मदद से ही बनाई गई प्रतिदिन बहुत सारी तकनीकों और वस्तुओं का इस्तेमाल हम अपने दैनिक क्रियाकलापों में करते भी हैं। ऐसे में हम सभी के लिए हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को समझना बेहद जरूरी है।

> **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार के लिए राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा भारत में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में नामित करने के लिए वर्ष 1986 में भारत सरकार को कहा गया था और सरकार द्वारा इसे स्वीकृति प्रदान किए जाने के बाद से 28 फरवरी 1987 से प्रतिवर्ष इसी दिन भारतीय विज्ञान के क्षेत्र में एक महान कार्यक्रम के रूप में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता रहा है। यह दिवस भारत के महान्‍ वैज्ञानिक भौतिक शास्त्री सर सी.वी. रमन की खोज 'रमन प्रभाव' को सदैव याद रखने और विश्व पटल पर विज्ञान के क्षेत्र में भारत का नाम रोशन करने वाले इस वैज्ञानिक को सम्मान देने के लिए उनकी स्मृति में मनाया जाता है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता में इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टीवेशन ऑफ साइंस में 1907 से 1933 तक सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन ने कार्य किया था।**

# शिक्षा में न्यायपालिका: संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

ललित गर्ग

एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि ल्लकिसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगाङ्क केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए। शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है-पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है? क्या संपादकीय बोर्ड में विविध दृष्टिकोणों का अभाव है? क्या विधि विशेषज्ञों, शिक्षाशास्त्रियों और मनोवैज्ञानिकों के बीच समन्वय पर्याप्त नहीं है? एक लोकतांत्रिक समाज में संस्थाओं की आलोचना वर्जित नहीं हो सकती, पर आलोचना और अवमूल्यन के बीच महीन रेखा होती है। शिक्षा मंत्रालय और एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं का दायित्व है कि वे इस रेखा को पहचानें। यह भी स्मरणीय है कि भ्रष्टाचार केवल न्यायपालिका तक सीमित समस्या नहीं है। हाल ही में ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की इसी महीने जारी रिपोर्ट के मुताबिक करप्शन परसेप्शन इंडेक्स में 182 देशों के बीच भारत की रैंक 91 है। पिछले साल के मुकाबले भारत ने 5 स्थान का सुधार किया है, यह स्थिति सुधार के बावजूद मध्य स्तर पर बनी हुई बताई गई है। इसका अर्थ है कि भ्रष्टाचार एक संरचनात्मक, सामाजिक और प्रशासनिक चुनौती है। यदि हम बच्चों को इसके बारे में पढ़ाते हैं तो उसे एक समग्र सामाजिक संदर्भ में पढ़ाया जाना चाहिए कि यह समस्या क्यों उत्पन्न होती है, इसे रोकने के लिए क्या संवैधानिक तंत्र हैं, नागरिकों की क्या भूमिका है और सुधार की संभावनाएं क्या हैं। केवल किसी एक संस्था को केंद्र में रखकर समस्या का चित्रण करना न तो शैक्षिक रूप से न्यायोचित है और न ही संवैधानिक संतुलन के अनुरूप। न्यायपालिका की गरिमा का प्रश्न भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र तीन स्तंभों-विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका पर आधारित है। यदि किसी एक स्तंभ के प्रति बच्चों के मन में अविश्वास की भावना बिना सम्यक विश्लेषण के उत्पन्न हो जाए, तो यह दीर्घकाल में लोकतांत्रिक संस्कृति के लिए हानिकारक हो सकता है। परंतु गरिमा की रक्षा का अर्थ यह भी नहीं कि समस्याओं पर मौन साध लिया जाए। गरिमा और पारदर्शिता परस्पर विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। न्यायपालिका की वास्तविक प्रतिष्ठा उसकी आलोचना सहने की क्षमता, आत्मसुधार की तत्परता और नैतिक दृढ़ता से बढ़ती है। इस संदर्भ में एक नई शैक्षिक संरचना की आवश्यकता अनुभव होती है। पाठ्य पुस्तकों में ल्लसंस्थागत अध्ययनङ्क का प्रारूप इस प्रकार विकसित किया जा सकता है जिसमें तीन आयाम हों- संविधान द्वारा प्रदत्त भूमिका, वास्तविक चुनौतियां और सुधार की पहल। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका पर अध्याय में उसके ऐतिहासिक निर्णय, जनहित याचिका की परंपरा, मौलिक अधिकारों की रक्षा, साथ ही लंबित मामलों की समस्या और न्यायिक सुधार आयोगों की सिफारिशों का संतुलित उल्लेख किया जाए। इससे छात्र न तो अंधभक्त बनेंगे और न ही निंदक, वे सजग नागरिक बनेंगे। शिक्षा मंत्रालय को भी इस अवसर को आत्ममंथन के रूप में लेना चाहिए। विवाद के बाद अध्याय हटाना तात्कालिक समाधान हो सकता है, पर स्थायी समाधान नहीं। आवश्यकता है एक स्वतंत्र, बहुविषयी समीक्षा तंत्र की, जिसमें विधि विशेषज्ञ, पूर्व न्यायाधीश, शिक्षाशास्त्री, समाजशास्त्री और बाल मनोविज्ञान के जानकार शामिल हों। साथ ही, सार्वजनिक परामर्श की परंपरा विकसित की जा सकती है ताकि पाठ्य पुस्तकें केवल सरकारी दस्तावेज न रहकर सामाजिक सहमति का दस्तावेज बनें। न्यायपालिका भी इस प्रसंग में रचनात्मक पहल कर सकती है। यदि वह स्वयं विद्यालयों और विश्वविद्यालयों के लिए न्यायिक साक्षरता कार्यक्रम आरंभ करे, न्यायालयों के कार्यप्रणाली पर सरल और संतुलित अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए, तो इससे भ्रांतियों का निवारण होगा। न्यायपालिका की पारदर्शिता और संवादशीलता उसकी गरिमा को और सुदृढ़ करेगी। अंततः यह विवाद हमें यह सोचने को विवश करता है कि हम अपने बच्चों को कैसी नागरिकता का संस्कार देना चाहते हैं। क्या हम उन्हें केवल समस्याओं का बोध देंगे या समाधान की प्रेरणा भी देंगे? क्या हम उन्हें संस्थाओं पर अविश्वास करना सिखाएँगे, या सुधार में सहभागी बनने की चेतना से सम्पन्न बनायेंगे? लोकतंत्र का भविष्य पाठ्य पुस्तकों की पंक्तियों में ही आकार लेता है। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा में सत्य हो-पर संतुलित, आलोचना हो-पर रचनात्मक और संस्थाओं की गरिमा अक्षुण्ण रखते हुए सुधार की राह भी खुली रहे। भ्रष्टाचार एक गंभीर राष्ट्रीय चुनौती है, पर उसका समाधान संस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर देने से नहीं, बल्कि उन्हें अधिक उत्तरदायी और पारदर्शी बनाकर ही निकलेगा। शिक्षा का कार्य इसी संतुलन को साधना है। यदि यह विवाद हमें अधिक परिपक्व, संवादशील और उत्तरदायी शैक्षिक व्यवस्था की ओर ले जाए, तो यह एक नई दिशा, नई दृष्टि और नई संरचना के प्रादुर्भाव का अवसर सिद्ध हो सकता है। लोकतंत्र की सच्ची शक्ति आलोचना और आत्मसुधार के समन्वय में ही निहित है, और यही संतुलन हमारी पाठ्य पुस्तकों में भी प्रतिबिंबित होना।

> **शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है, नागरिक अधिकारों की रक्षा में कैसे ऐतिहासिक निर्णय दिए हैं। शिक्षा में आलोचना हो, पर निराशा नहीं, तथ्य हों, पर संतुलन भी हो। यदि किसी अध्याय में केवल संस्थागत विकृतियों का उल्लेख हो और सुधारात्मक प्रयासों, आदर्श उदाहरणों और संवैधानिक मूल्यों का समुचित विवेचन न हो, तो वह शिक्षा में मूल्यों एवं आदर्शों के बजाय अविश्वास का बीजारोपण बन सकता है। यह विवाद एक बड़े प्रश्न को भी जन्म देता है–पाठ्य पुस्तकों की निर्माण प्रक्रिया में बहुस्तरीय समीक्षा के बावजूद ऐसी सामग्री कैसे प्रकाशित हो जाती है?**

# अराजक तत्वों पर होगी सख्त कार्रवाई : एसडीएम

## थाना हैदराबाद में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अज़ान खीरी। आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को थाना हैदराबाद परिसर में शांति समिति (पीस कमेटी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर सीओ गोला रमेश कुमार तिवारी, थाना अध्यक्ष हैदराबाद, प्रशासनिक अधिकारी, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या शांति भंग करने का प्रयास करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है तथा क्षेत्र की प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने जानकारी दी कि इस वर्ष होलिका दहन 2 मार्च की रात तथा रंगोत्सव 4 मार्च को मनाया जाएगा। पर्व को लेकर सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। क्षेत्र के 178 होलिका स्थलों को चिन्हित किया जा चुका है और एक-दो स्थानों को छोड़कर कहीं भी विवाद की स्थिति नहीं है। एसडीएम ने लोगों से विशेषकर मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों की खरीदारी करते समय मिलावट से सावधान रहने की अपील भी की।

सीओ रमेश कुमार तिवारी ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और शालीनता के साथ होली मनाएं। जबरन रंग डालने, हुड़दंग करने या किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि में संलिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों, नशेड़ियों और शांति भंग करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के निर्देश भी दिए। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि कहीं भी किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, विवाद या तनाव की स्थिति दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखा जा सके।

### त्योहार बना काल: कपड़े खरीदने आई महिला को ट्रैक्टर-ट्रॉली ने मारी टक्कर, मौत

अज़ान खीरी। होली की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब बच्चों के कपड़े खरीदने आई एक महिला की ईंटों से भरी ट्रैक्टर, ट्रॉली की टक्कर से मौत हो गई। हादसा थाना हैदराबाद क्षेत्र की अज़ान चौकी के स्थानीय कस्बे में हुआ। जानकारी के अनुसार थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव वन बघेल निवासी सुधीर कुमार अपनी पत्नी प्रेमा देवी (34 वर्ष) और 12 वर्षीय पुत्र सत्यम के साथ साइकिल से अज़ान कस्बे में खरीदारी करने आए थे। इसी दौरान पीछे से आ रही ईंटों से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे प्रेमा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही अज़ान चौकी प्रभारी अशोक सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एम्बुलेंस के विलंब से पहुंचने पर पुलिस व स्थानीय लोगों ने घायल महिला को ई-रिक्शा से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे में पति सुधीर कुमार और पुत्र सत्यम बाल-बाल बच गए। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

# कुकरा चौकी क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी

- अराजक तत्वों पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। थाना मैलानी क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी कुकरा में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदायों के नागरिकों व धर्मगुरुओं के साथ त्योहारों को लेकर समीक्षा की गई तथा सुझाव लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश कुमार मौर्य एवं नायब तहसीलदार ताहिर परवेज ने कहा कि वर्तमान में रमजान का पवित्र माह चल रहा है और इसी दौरान होली का पर्व भी है। ऐसे में सभी लोग आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं तथा कोई ऐसा कार्य न करें जिससे किसी की भावनाएं आहत हों। चौकी प्रभारी कुकरा अवनीश कुमार पवार ने स्पष्ट किया कि होली पूर्व निर्धारित स्थानों पर ही रखी जाएगी, किसी नए स्थान पर होलिका दहन की अनुमति नहीं होगी। रंगोत्सव के दौरान एहतियातन बाजार की दुकानें बंद रखी जाएंगी। उन्होंने बताया कि अराजक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरों से भी निगरानी की जाएगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। बैठक में मैलानी पुलिस बल के साथ क्षेत्र के प्रधान एवं जनप्रतिनिधि-फुरकानुद्दीन उर्फ सिम्मी, हरजिंदर सिंह, जनक यादव, कुलदीप कुमार, राजवीर सिंह, विनोद कुमार भारतीय, रामकिशन, अजय यादव सहित मौलाना हनीफ कासमी, हाफिज सैयद अबरार हुसैन, हाफिज अब्दुल सलाम अंसारी, हाफीज शकील अंसारी, मौलवी रौनक अली, हाजी अब्दुल हबीब खान, सबबन खान, शेर अली खान, जकीउद्दीन खान, फजलुर रहमान अंसारी समेत दोनों समुदायों के धर्मगुरु उपस्थित रहे। अधिकारियों ने सभी से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखा जा सके।

# ग्राम काकोरी में संदिग्ध परिस्थितियों में मां-बेटी की मौत, एक की हालत गंभीर



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। तहसील गोला अंतर्गत थाना मैलानी क्षेत्र के ग्राम काकोरी में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक घटना प्रकाश में आई। एक महिला और उसकी दो बेटियों को गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मां और एक बेटी को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरी बेटी को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम काकोरी निवासी विजेंद्र की पत्नी फूल कुमारी (50 वर्ष), पुत्री निमिषा (19 वर्ष) तथा पुत्री कंचन (25 वर्ष) को करीब 12:30 बजे मरणासन्न अवस्था में सीएचसी गोला लाया गया। चिकित्सकों ने फूल कुमारी और निमिषा को मृत घोषित कर दिया, जबकि कंचन की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल भेजा गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के कारणों को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। कुछ परिजनों का कहना है कि घटना आत्महत्या से जुड़ी हो सकती है, जबकि अन्य लोग घरेलू कलह या जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका जता रहे हैं। पुलिस का कहना है कि वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। बताया जाता है कि परिवार पूर्व में भी एक बड़े हादसे से गुजरा था। मृतका का बड़ा पुत्र पवन दिसंबर 2025 में जनपद पीलीभीत जिला के कजरी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। इसके बाद से परिवार मानसिक तनाव में बताया जा रहा था। सूचना पर थाना मैलानी पुलिस व पुलिस चौकी संसारपुर प्रभारी जितेंद्र यादव टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक जांच-पड़ताल की। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मधुमक्खी भगाने को जलाई आग से लगी भीषण आग, दुकान व गृहस्थी का सामान जलकर राख

गोला गोकर्णनाथ खीरी। ब्लॉक सदर क्षेत्र के ग्राम खेतौसा में मधुमक्खियों को भगाने के लिए किए गए धुएं से अचानक आग भड़क उठी, जिससे एक कमरे में रखी दुकान और घर-गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों और सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार खेतौसा गांव निवासी रामदास पुत्र गोकर्ण प्रसाद के कमरे में मधुमक्खियों का छत्ता लगा था। मधुमक्खियों को हटाने के लिए धुआं किया गया, इसी दौरान आग ने अचानक विकराल रूप धारण कर लिया और कमरे में फैल गई। आग की लपटों में सिंगारदान, बक्सा, अलमारी, आटा, दाल सहित अन्य घरेलू सामान जल गया। साथ ही दुकान में रखा पत्तल, गिलास, दोना, चम्मच व अन्य सामान भी आग की भेंट चढ़ गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और आग बुझाने का प्रयास किया। बाद में पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने काफी प्रयासों के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

# तराई में 'मेडिकल नशे' का जाल: दो माह में दूसरी संदिग्ध मौत

## अवैध कारोबार पर उठे सवाल

- अवैध मादक पदार्थों की बिक्री बन रही असमय मौत का कारण - गांव-गांव तक पहुंचा नेटवर्क - युवा पीढ़ी सबसे अधिक प्रभावित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



धौरहरा खीरी। तराई क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों, विशेषकर तथाकथित 'मेडिकल नशे' के बढ़ते कारोबार ने गंभीर चिंता पैदा कर दी है। बीते दो माह के भीतर नशे से जुड़ी दूसरी संदिग्ध मौत सामने आने के बाद पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में आसानी से उपलब्ध नशीली दवाएं युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रही हैं। कोतवाली धौरहरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलुवापुर के मजरा मैला निवासी मदनमोहन (45) पुत्र शंभूदयाल राजपूत का शव शुक्रवार तड़के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मृतक पिछले कुछ समय से नशे का आदी था। परिजनों ने आरोप लगाया कि गांव का ही एक युवक लंबे समय से अवैध रूप से नशीली दवाएं उपलब्ध करा रहा है। उनका कहना है कि खुलेआम बिक्री की जानकारी स्थानीय स्तर पर होने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही।

उल्लेखनीय है कि करीब दो माह पूर्व भी इसी क्षेत्र में कथित मेडिकल नशे के सेवन से एक युवक की मौत हो चुकी है। लगातार दूसरी घटना ने संकेत दिया है कि क्षेत्र में प्रतिबंधित या नुस्खे वाली दवाओं की अवैध आपूर्ति का नेटवर्क सक्रिय हो सकता है। सूत्रों के अनुसार कुछ मेडिकल स्टोरों व बाहरी सप्लायर्स के माध्यम से दवाएं गलत तरीके से उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिनका दुरुपयोग नशे के रूप में किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि बेरोजगारी, जागरूकता की कमी और दवाओं की आसान उपलब्धता ने समस्या को गंभीर बना दिया है। अभिभावकों में भी चिंता बढ़ रही है कि किशोर और युवा वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट होंगे। साथ ही अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस समस्या से निपटने के लिए केवल पुलिस कार्रवाई पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि समाज, अभिभावकों और प्रशासन को मिलकर जागरूकता अभियान चलाना होगा। समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो तराई क्षेत्र में यह संकट और गहरा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### सकेथू गांव में निर्माणाधीन गड्ढे में गिरा छुट्टा सांड, पुलिस-ग्रामीणों ने जेसीबी से सुरक्षित निकाला

अज़ान खीरी। सदर ब्लॉक के सकेथू गांव में शुक्रवार सुबह एक छुट्टा सांड करीब दस फीट गहरे निर्माणाधीन गड्ढे में गिर गया। घटना सुबह लगभग 6:30 बजे की बताई जा रही है। गड्ढा विनय चतुर्वेदी के घर के बाहर नल स्थापना के लिए खोदा गया था। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। सूचना पर पीआरवी 7925 से पुलिसकर्मी अखिलेश कुमार और सुनील कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे। साथ ही थाना हैदराबाद क्षेत्र की ढकवा चौकी प्रभारी जय नारायण सिंह कांस्टेबल साहब बक्श और सचिन कुमार के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस टीम ने ग्रामीणों,लल्ला, कमलाकांत, अनुपम तिवारी, पंकजराज, दुर्गेश सिंह, उमेश चतुर्वेदी व विनय–के सहयोग से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी मशीन की सहायता से सांड को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सांड के बाहर निकलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। पुलिस और ग्रामीणों के त्वरित व सामूहिक प्रयास से एक बेजुबान पशु की जान बच गई।

### ई-रिक्शा सत्यापन एवं जागरूकता अभियान का किया आयोजन

बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने, यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित कराने तथा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों का व्यापक सत्यापन एवं जागरूकता अभियान शहर के प्रमुख बाबूलाल ट्रैफिक चौराहे एवं राइफल क्लब ग्राउंड क्षेत्र में आयोजित किया गया । अभियान के दौरान ऑटो/ई-रिक्शा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा, फिटनेस प्रमाणपत्र एवं परमिट की गहन जांच की गई । जिन चालकों के अभिलेख अपूर्ण पाए गए, उन्हें निर्धारित समयावधि में दस्तावेज पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया । नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए । अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा चालकों को संबोधित करते हुए ओवरलोडिंग न करने, निर्धारित मार्ग पर ही वाहन संचालन करने, नाबालिगों को वाहन न सौंपने तथा यात्री सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील की गई । साथ ही ऑटो/ई-रिक्शा में होने वाली टप्पेबाजी जैसी आपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तत्काल डायल 112 पर देने के लिए जागरूक किया गया, जिससे संभावित घटनाओं को समय रहते रोका जा सके । इस दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात प्रतिज्ञा सिंह, यातायात प्रभारी संजय मिश्रा, प्रभारी निरी0 कोतवाली नगर बलराम सिंह, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य श्री सुनील सक्सेना सहित सभी यातायात पुलिस कर्मी मौजूद रहे ।

### क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की कांग्रेसियों ने मनाई पुण्यतिथि

बांदा। जिला कंग्रेस कमेटी इंदिरा गांधी सभागार, स्टेशन रोड कार्यालय में कंग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अध्यक्षता में प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कंग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने अपने संबोधन में आजाद जी व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि ष्अंग्रेजों की नाक में दम करने वाले चंद्रशेखर आजाद काकोरी कंड के महानायक के लिए ब्रिटिश हुकूमत जब उनके पीछे पड़ गई तब आजाद झांसी में मास्टर रूद्र नारायण के यहां रुके व पुलिस अधीक्षक की गाड़ी चलाने का काम गुप्त रुप से किया गया, ओरछा के निकट सातार नदी के तट पर हरिशंकर बाजपेई के नाम से रह रहे थे, बांदा के क्रांतिकारी पंडित गोपीनाथ दनादन, जगन्नाथ करवरिया, महादेव भाई, हल्का लोहार उनसे मिले और बांदा आने का आग्रह किया, क्रांतिकारियों के आग्रह पर 1927 में आजाद बांदा आए और पंडित गोपीनाथ दनादन के निवास पर दो दिन एक रात रुक कर प्रमुख क्रांतिकारियों के साथ आजादी के लिए योजना बनाई गई, साथ ही निम्नी नाला किनारे प्रागी मन्दिर में शस्त्र प्रशिक्षण दिया गया।

# बरकत अली अंसारी के वाद पर न्यायालय का संज्ञान

## जालसाजी प्रकरण में चार्जशीट स्वीकार






राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कुकरा खीरी। बरकत अली अंसारी द्वारा प्रस्तुत वाद पर सक्षम न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर विस्तृत विवेचना के आदेश दिए थे। न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में थाना भीरा पुलिस ने ग्राम मुड़िया हेमसिंह निवासी मुस्तफा, जाहिद अली उर्फ सादिक अली तथा तौकीर अली के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच प्रारंभ की। प्रकरण की विवेचना उपनिरीक्षक उमराव सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह एवं रमेश सिंह सेंगर द्वारा की गई। विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों, दस्तावेजों और गवाहों के बयान के आधार पर मुकदमा संख्या 188/25 में आरोपियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 467 व 468 (जालसाजी), 471 (कूटरचित दस्तावेज का प्रयोग) तथा 323 (मारपीट) के आरोप प्रथमदृष्टया प्रमाणित पाए गए। इसके पश्चात 20 दिसंबर को आरोप पत्र (चार्जशीट) न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने नामजद आरोपियों को तलब करने के आदेश जारी किए हैं। वाद से जुड़े तथ्यों के अनुसार साबरून पत्नी मुस्तफा का आरोप है कि मुस्तफा ने संपत्ति हड़पने के उद्देश्य से कथित रूप से पहचान संबंधी दस्तावेजों में फ़ेरबदल किया। आरोप है कि परिवर्तित आईडी के आधार पर अपने भतीजे को पुत्र दर्शाते हुए संपत्ति का बैनामा कर दिया गया। साथ ही ससुराल पक्ष पर मारपीट कर घर से निकालने का भी आरोप लगाया गया है। वादी बरकत अली अंसारी का कहना है कि मुस्तफा ने पहले अपनी जीवित पत्नी को मृत दर्शाते हुए और बाद में कथित हत्या का हवाला देकर उनके विरुद्ध फर्जी मुकदमा दर्ज कराया। उनका दावा है कि संबंधित महिला जीवित है और स्वयं सक्षम न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख चुकी है। फिलहाल मामले में आगे की न्यायिक प्रक्रिया जारी है। चार्जशीट स्वीकार होने के बाद सुनवाई की कार्रवाई तेज होने की संभावना है। जनपद खीरी में इस प्रकरण को लेकर चर्चाएं तेज हैं और सभी पक्षों को न्यायालय के अंतिम निर्णय का इंतजार है।

# संपूर्णता अभियान में खीरी का परचम, नीति आयोग ने डीएम को किया सम्मानित



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखीमपुर खीरी। जनपद ने विकास की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। जुलाई से सितंबर 2024 तक चले 'संपूर्णता अभियान' में बांकेगंज और धौरहरा ब्लॉक के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर नीति आयोग ने जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। अभियान के तहत बांकेगंज ब्लॉक ने हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, एग्रीकल्चर एंड अलाइड सर्विसेज तथा सोशल डेवलपमेंट से जुड़े तीन प्रमुख इंडिकेटर्स पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन प्राप्त किया। वहीं धौरहरा ब्लॉक ने छह इंडिकेटर्स पर लक्ष्य हासिल कर प्रदेश में अलग पहचान बनाई। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार की उपस्थिति में बांकेगंज के बीडीओ ऋषिकांत अहिरवार तथा धौरहरा के तत्कालीन बीडीओ सुमित कुमार सिंह (वर्तमान बीडीओ फूलबेहड़) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम के समर्पण और समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

# किसान मेले में दी गयीं सरकारी योजनाओं की जानकारियां

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। उत्तर क्षेत्रीय किसान मेला के अंतर्गत आयोजित तकनीकी सत्रों की श्रृंखला के माध्यम से बुन्देलखण्ड क्षेत्र की कृषि, उद्यानिकी, महिला सशक्तिकरण, पोषण सुरक्षा तथा टिकाऊ आजीविका के विविध आयामों पर गहन विचार-विमर्श का मंच प्रदान किया जा रहा है। मेले के दूसरे दिन आयोजित प्रथम तकनीकी सत्र में ल्लमहिला उत्थान हेतु कृषि संबंधी सरकारी योजनाएँङ्क विषय पर विशेषज्ञों ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओंकृजैसे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना तथा विभिन्न स्वरोजगार योजनाओंकृकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण, ऋण सुविधा, कृषि संसाधन एवं बाजार से जुड़ाव प्राप्त हो रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। इसके पश्चात ल्लकृषि में महिलाओं की कार्यदक्षता वृद्धि हेतु उपयुक्त कृषि यंत्रङ्क विषय पर चर्चा करते हुए डॉ दीक्षा गौतम ने हल्के वजन वाले, एर्गोनोमिक डिज़ाइन वाले तथा महिला-अनुकूल कृषि उपकरणों की आवश्यकता पर बल दिया गया, जिससे श्रम की तीव्रता कम हो तथा उत्पादकता में वृद्धि हो सके। ल्लमहिला सशक्तिकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका एवं महत्वङ्क विषय पर डॉ दीक्षा पटेल ने सामूहिक बचत, सूक्ष्म वित्त, कौशल विकास तथा ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने में स्वयं सहायता समूहों (ैभ्ळे) की निर्णायक भूमिका को रेखांकित किया। सत्र का समापन ल्लपारिवारिक स्वास्थ्य वर्धन के लिए आर्ष गृह वाटिका तकनीकीङ्क विषय के साथ हुआ, जिसमें डॉ प्रज्ञा ओझा ने पोषण सुरक्षा, जैविक सब्जी उत्पादन तथा परिवार की खाद्य विविधता बढ़ाने हेतु गृह वाटिका स्थापित करने के व्यावहारिक उपाय बताए गए।

# डीएम-एसपी ने की जिला शांति समिति की बैठक

- त्योहारों पर सौहार्द बनाए रखने की अपील

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





लखीमपुर खीरी। जनपद में आगामी होलिका दहन, होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से अटल सभागार में जिला शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रूप से की। संचालन एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने किया।

बैठक में डीएम ने सभी जनपदवासियों को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शांति एवं कानून-व्यवस्था की तैयारियां पूरी तरह चाक-चौबंद रहें। डीएम ने कहा कि खीरी जनपद अमन-चैन की परंपरा के लिए जाना जाता है और इस परंपरा को आगे भी कायम रखना सभी की जिम्मेदारी है। डीएम ने धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों और होली समितियों के पदाधिकारियों से अपील की कि वे बैठक का संदेश आमजन तक पहुंचाएं। किसी भी प्रकार की प्रतिकूल सूचना तत्काल प्रशासन को दें। उन्होंने अभिभावकों, विशेषकर बुजुर्गों से युवाओं की गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें संयमित आचरण के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने कहा कि त्योहारों के दौरान 'गुड पुलिसिंग' सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस बल पूरी तरह सतर्क रहेगा और सोशल मीडिया सहित असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीएम और एसपी ने आश्वस्त किया कि त्योहारों के दौरान पुलिसिंग के साथ-साथ बिजली, पानी और स्वच्छता की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने अपील की कि त्योहारों पर कोई नई परंपरा शुरू न की जाए और सभी लोग पारंपरिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से उत्सव मनाएं। बैठक में एसडीएम सदर अश्विनी सिंह, सीओ सिटी विवेक तिवारी, डीएसओ अंजनी सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं सभी संप्रदायों के धर्मगुरु उपस्थित रहे।

# पाकिस्तान की नजर बड़ी जीत पर सम्मानजनक विदाई लेना चाहेगा श्रीलंका

एजेंसी

पाल्लेकल। अगर मगर की कठिन डगर पर फंसा पाकिस्तान सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी उम्मीद को जीवंत रखने के लिए शनिवार को यहां वाले टी20 विश्व कप सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगा जबकि संघर्षरत श्रीलंका सम्मानजनक विदाई लेने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है और वह अपने ग्रुप में तीसरे स्थान पर है। इस ग्रुप से इंग्लैंड पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका है जबकि न्यूजीलैंड और पाकिस्तान अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में हैं। श्रीलंका अपने पहले दो मैच हार कर पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। अगर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बात करें तो कीवी टीम बेहतर स्थिति में नजर आ रही है। न्यूजीलैंड के तीन अंक हैं और उसका नेट रन रेट (3.050) भी पाकिस्तान से बेहतर है। पाकिस्तान का अभी तक केवल एक अंक है और उसका नेट रन रेट भी माइनस 0.461 है। लेकिन पाकिस्तान के लिए अभी सारी उम्मीदें खत्म नहीं हुई हैं और वह सेमीफाइनल में जगह बना सकता है बशर्ते इंग्लैंड शुक्रवार को न्यूजीलैंड को बड़े अंतर से हरा दे और इसके बाद सलमान आगा की अगुवाई वाली टीम श्रीलंका पर बड़ी जीत हासिल कर दे। पाकिस्तान के बल्लेबाजों और गेंदबाजों के लिए अच्छा प्रदर्शन करना चुनौती है क्योंकि अभी वे टूर्नामेंट में वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पाकिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ही अभी तक अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। उन्होंने 70.75 की औसत से 283 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 158.10 है। फरहान को छोड़कर पाकिस्तान की टीम का कोई भी अन्य विशेषज्ञ बल्लेबाज इस प्रतियोगिता में तिहरे अंक का आंकड़ा नहीं छू पाया है। उसकी तरफ से सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में ऑलराउंडर शादाब खान दूसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 111 रन बनाए हैं। कप्तान सलमान आगा (44 रन), साइम अयूब (70) और स्टार बल्लेबाज बाबर आजम (91) ने निराश ही किया है। ऐसे में पाकिस्तान की उम्मीदें फखर जमां पर टिकी होंगी। पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण में में उस्मान तारिक (10 विकेट) की मौजूदगी से उसे मजबूती मिली है। इसके अलावा शाहीन शाह अफरीदी ने इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट लेकर कुछ हद तक फॉर्म हासिल कर ली है। उस मैच में हालांकि वह अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे थे।



# टी20 विश्व कप के बीच रिंकू सिंह पर टूटा दुखों का पहाड़, पिता का लीवर कैंसर से निधन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रिंकू सिंह के पिता खचंद्र सिंह का आज सुबह करीब 4 बजकर 36 मिनट पर स्टेज-4 लीवर कैंसर से लंबी जंग के बाद निधन हो गया। उन्होंने ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ अस्पताल में अंतिम सांस ली, जहां हाल के दिनों में उनकी तबीयत बेहद नाजुक हो गई थी और उनका इलाज चल रहा था। परिजनों के अनुसार खचंद्र सिंह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे और उनकी हालत स्थिर करने के लिए डॉक्टर लगातार रीनल थेरेपी दे रहे थे। गहन चिकित्सा के बावजूद उनकी सेहत में तेजी से गिरावट आई और अंततः उनका निधन हो गया। यह दुखद घटना उस समय हुई जब रिंकू सिंह भारतीय टीम के साथ टी20 विश्व कप में व्यस्त थे। जिम्बाब्वे के खिलाफ सुपर 8 मुकाबले से पहले जब उनके पिता की हालत बिगड़ी थी, तब वह घर लौटे थे। बाद में वह चेन्नई में टीम से दोबारा जुड़ गए थे। हालांकि पिता के निधन के बाद वो वापस घर लौट गए हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ मुकाबले में रिंकू सिंह अंतिम एकादश का हिस्सा नहीं थे। टीम संयोजन में बदलाव करते हुए संजू सैमसन और अक्षर पटेल को शामिल किया गया था। संजू सैमसन को शीर्ष क्रम में मौका मिला, ईशान किशन को नीचे भेजा गया और तिलक वर्मा को फिनिशर की भूमिका सौंपी गई। हालांकि रिंकू मैदान पर बतौर स्थानापन्न खिलाड़ी टीम के साथ मौजूद रहे। टूर्नामेंट में अब तक रिंकू सिंह पांच मुकाबले खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 24 रन बनाए हैं और फिनिशर की अपनी निर्धारित भूमिका निभाई है। भारत को अब कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ अहम मुकाबला खेलना है, जो लगभग नॉकआउट जैसा है। ऐसे में रिंकू सिंह की उपलब्धता को लेकर संशय बना हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड या टीम प्रबंधन की ओर से अभी तक उनकी भागीदारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। टीम इंडिया जहां एक ओर महत्वपूर्ण मुकाबले की तैयारी कर रही है, वहीं खिलाड़ी अपने साथी के इस कठिन समय में उनके साथ खड़े हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी शोक व्यक्त करते हुए कहा, ‘‘खचंद्र सिंह जी के निधन का समाचार सुनकर बेहद दुख हुआ। टी20 विश्व कप के दौरान रिंकू और उनके परिवार के लिए यह समय बेहद कठिन है।



## संक्षिप्त समाचार

### हम विपक्षी गेंदबाजों में खौफ देखना चाहते हैं: तिलक वर्मा

चेन्नई। तिलक वर्मा ने कहा कि शुरू में विकेट गंवाने के बावजूद भारत मौजूदा टी20 विश्व कप में अपने आक्रामक रवैए पर कायम रहेगा क्योंकि इससे विपक्षी टीम के गेंदबाजों में खौफ पैदा होता है। भारत ने सभी बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान से जिंबॉब्वे के खिलाफ सुपर आठ मैच में चार विकेट पर 256 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और इसके बाद 72 रन से आसान जीत दर्ज की। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, ‘‘हम बस ऐसा ही प्रदर्शन चाहते थे। हम एक टीम के रूप में अच्छा स्कोर बनाना चाहते थे। हमने इस पर चर्चा की कि अगर हम पावर प्ले में तीन या चार विकेट भी खो दें तब भी आक्रामक अंदाज में ही बल्लेबाजी करेंगे। इस संदर्भ में तिलक ने संजू सैमसन की प्रशंसा की। रिंकू सिंह के स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किए गए सैमसन ने 15 गेंद पर 24 रन बनाए और अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 3.4 ओवरों में 48 रन जोड़े। तिलक ने कहा, ‘‘जब सलामी बल्लेबाज अच्छी शुरुआत देते हैं तो इससे तीसरे, चौथे और पांचवें नंबर के बल्लेबाजों का भी आत्मविश्वास बढ़ता है। संजू ने शानदार शुरुआत की। हमने इसको लेकर चर्चा की थी और हम विपक्षी गेंदबाजों में यह खौफ देखना चाहते हैं कि भारतीय बल्लेबाज हर गेंद पर जोरदार शॉट लगाने के लिए तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर आठ के अपने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाज बुरी तरह लड़खड़ा गए थे और तिलक ने कहा कि खिलाड़ियों ने चेपॉक में खेले गए मैच से पहले पिछले टी20 मैचों के वीडियो देखे। उन्होंने कहा, ‘‘हमने मैच से ठीक पहले चर्चा की थी कि हम सकारात्मक मानसिकता के साथ मैदान में उतरेंगे। हमने पिछले एक साल में टी20 क्रिकेट में अपने प्रदर्शन को देखा। इन वीडियो को देखने के बाद हम सभी का आत्मविश्वास बढ़ा। तिलक ने कहा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने भी टीम के सदस्यों को बिना किसी झिझक के अपना स्वाभाविक खेल खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, ‘‘गौतम सर ने यह भी कहा कि परिस्थिति चाहे कैसी भी हो, बस उस तरह की क्रिकेट को याद रखें जो हमने पिछले साल से तथा न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में खेली थी। तिलक ने कहा कि पिछले मैचों के वीडियो देखने और गंभीर के प्रेरणादायक शब्दों से बल्लेबाजों की मानसिकता में बदलाव आया। उन्होंने कहा, ‘‘अहमदाबाद और दिल्ली दोनों की पिचें अच्छी थीं, लेकिन इस खेल में मानसिकता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मुझे लगता है कि हमारी मानसिकता यह थी कि अगर कोई विकेट गिरता है तो हम बड़े शॉट खेलने के लिए थोड़ा समय लेंगे। हम पहले भी उस टीम के खिलाफ खेल चुके थे। तिलक ने कहा, ‘‘उस समय हम खेल का पूरा आनंद ले रहे थे और सारा दबाव विपक्षी गेंदबाजों पर होता था। अगर विकेट गिरता तो हम अगली ही गेंद पर छक्का मार देते थे। इसलिए, हमारी सोच कुछ इस तरह की थी। हमने चर्चा की कि अगर पहली गेंद हमारी जद में आती है तो हम उस पर छक्का मारने में नहीं हिचकिचाएंगे।

### व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है: कैगिसो रबाडा

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा टी20 विश्व कप में अभी तक वैसा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जैसा वह चाहते थे लेकिन दक्षिण अफ्रीका का जीत का सिलसिला जारी है और इसलिए यह तेज गेंदबाज बड़े लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने से संतुष्ट है। दक्षिण अफ्रीका की गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ नौ विकेट से जीत के बाद रबाडा ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत नहीं टीम का प्रदर्शन महत्व रखता है। रबाडा ने अब तक टूर्नामेंट में केवल चार विकेट लिए हैं। वह न्यूजीलैंड, यूएई और भारत के खिलाफ विकेट लेने में नाकाम रहे थे। उन्होंने सुझाव दिया कि जब तक टीम अच्छा प्रदर्शन करती रहेगी तब तक व्यक्तिगत प्रदर्शन की बात नहीं की जा सकती है। ऐसी बात बाद में की जा सकती है। रबाडा को क्षेत्ररक्षकों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला है। अब तक उनकी गेंदबाजी पर चार कैच छूट चुके हैं। इस बारे में पूछे जाने पर रबाडा ने कहा, ‘‘यही क्रिकेट का खेल है। कई बार चीजें आपके पक्ष में होती है और कई बार नहीं। दुर्भाग्य से अभी ऐसा नहीं हो रहा है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम जीत रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच अभी तक शानदार संतुलन देखने को मिला है और उन्होंने बहुत अच्छी तरह से तालमेल बिठाया है। उसके सभी खिलाड़ियों नेअपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। अगर डेविड मिलर ने एक मैच में टीम को जीत दिलाई तो कप्तान एडन मार्क्रम ने दूसरे मैच में यही कमाल किया। गेंदबाजों ने भी जरूरत पड़ने पर बेहतरीन प्रदर्शन किया है, चाहे वो मार्को यानसन हों या लुंगी एनगिडी। रबाडा ने कहा, ‘‘यह अच्छा संकेत है। हमारी टीम में काफी अनुभवी खिलाड़ी हैं। साथ ही कई युवा खिलाड़ी भी हैं। अगर आप सभी खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखें, तो उनके व्यक्तिगत प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिलता है और यही आत्मविश्वास मैचों में भी दिख रहा है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय घरेलू टूर्नामेंट एसए20 को भी दिया जिसमें विश्व कप से पहले कई प्रमुख खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म हासिल की। रबाडा ने कहा, ‘‘यह लगातार अच्छा प्रदर्शन करने और यह उम्मीद बनाए रखने से जुड़ा है कि चीजें हमारे पक्ष में हो जाएंगी। रबाडा ने अपने लंबे समय से नए गेंद के अपने साथी लुंगी एनगिडी की प्रशंसा भी की जिन्होंने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, ‘‘मैं लुंगी के लिए बहुत खुश हूं। पिछले दो से पांच वर्षों में उनके प्रदर्शन पर काफी करीबी नजर रखी गई थी। जब आप अच्छा प्रदर्शन कर रहे होते हैं तो हर कोई आपकी प्रशंसा करता है लेकिन जब आप अच्छा नहीं खेल रहे हो तो हर कोई आप पर सवाल उठाता है। वह मेरा बहुत अच्छा दोस्त है। उन्होंने कॉर्बिन बॉश के बारे में भी बात की और इन खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन का श्रेय सावधानीपूर्वक की गई कड़ी मेहनत और तैयारी को दिया। रबाडा ने इसके साथ ही कहा कि दक्षिण अफ्रीका के आक्रमण में विविधता है जो टीम की सफलता में अहम भूमिका निभा रहा है। रबाडा अफगानिस्तान के खिलाफ दो सुपर ओवर तक चले मैच में अपनी गलती को लेकर अब भी सिहर उठते हैं। उनकी नोबॉल की वजह से ही मैच दो सुपर ओवर तक खिंच गया था।

## पीठ दर्द के कारण भारत सीरीज से बाहर हुईं सोफी मोलिनेक्स

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट टीम की हरफनमौला खिलाड़ी सोफी मोलिनेक्स भारत के खिलाफ जारी बहु-प्रारूप सीरीज के शेष मुकाबलों से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया है कि उन्हें निचले हिस्से की पीठ में दर्द (लोअर बैक पेन) की शिकायत है, जिसके चलते यह फैसला लिया गया। 28 वर्षीय मोलिनेक्स ने ब्रिस्बेन में खेले गए पहले महिला वनडे में हिस्सा लिया था, जहां उन्होंने पांच ओवर गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर एक विकेट लिया था। हालांकि दूसरे वनडे (होबार्ट) में वह टीम का हिस्सा नहीं हैं। मोलिनेक्स की चोट के कारण अगले महीने होने वाली वेस्टइंडीज सीरीज में उनकी भागीदारी पर भी संशय पैदा हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने स्पष्ट किया है कि उनकी फिटनेस पर लगातार नजर रखी जाएगी और चिकित्सकीय मूल्यांकन के बाद ही आगे का निर्णय लिया जाएगा।

# बुमराह, सिराज और मोर्केल के साथ अपने कौशल पर काम कर रहा हूं: अर्शदीप

एजेंसी

चेन्नई। भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य से बिठाने और बल्लेबाजों पर हावी होने के लिए अब भी अपने सीनियर साथियों जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज से सीख ले रहे हैं। अर्शदीप ने यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ के मैच में जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा तथा केवल 24 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत की 72 रन से जीत के बाद अर्शदीप ने पत्रकारों से कहा, ‘‘मैं अपने गेंदबाजी समूह में सबसे युवा हूं। टीम मुझ पर भरोसा दिखाती है। अगर आपको पावर प्ले में दो ओवर फेंकने का मौका मिलता है तो विकेट लेने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि उस समय बल्लेबाज रन बनाने के लिए जोखिम भरे शॉट खेलने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, ‘‘मैं (गेंदबाजी कोच)



मोर्ने (मोर्केल) के साथ इस पर काम कर रहा हूं कि मैं कैसे सक्रिय रह सकता हूं। मैं कैसे बल्लेबाजों पर हावी हो सकता हूं, परिस्थितियों के अनुसार खुद को कैसे ढाल सकता हूं और अपने खेल में कैसे बदलाव ला सकता हूं। मेरा साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज, जसप्रीत बुमराह और हार्दिक (पंड्या) भाई जैसे बहुत अच्छे गेंदबाजी सहयोगी हैं। अर्शदीप से पूछा गया कि क्या 256 रन के विशाल स्कोर बनाने से गेंदबाजों को मदद मिली, उन्होंने कहा, ‘‘हम इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे थे कि हमने कितने रन बनाए। हम बस अपनी रणनीति के अनुसार गेंदबाजी करना चाहते थे और अपने स्तर को बनाए रखना चाहते थे। हम हमेशा एक लक्ष्य को ध्यान में रखते हैं, जैसे कि विकेट और मैदान की स्थिति के अनुसार 160 या 180 रन का स्कोर। उन्होंने कहा, ‘‘इसलिए हम हमेशा एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अपने स्तर को ऊंचा उठाने की कोशिश करते हैं। अतिरिक्त 20, 30, 40, 70 रन का फायदा होना अच्छी बात है। लेकिन हमारा ध्यान एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अपने स्तर को ऊपर उठाने पर होता है। भारत अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए एक मार्च को कोलकाता में दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज का सामना करेगा, जो एक तरह से नॉकआउट मुकाबला होगा। अर्शदीप जानते हैं कि उनके सामने आगे क्या चुनौती है। उन्होंने कहा, ‘‘वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए मुझे लगता है कि वे भी स्थिति के अनुसार खुद को ढाल सकते हैं, लेकिन हम विकेट और परिस्थितियों को देखकर अपनी रणनीति बनाएंगे। अर्शदीप ने कहा कि खिलाड़ी और उनके परिवार के सदस्य वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए मैच पर नजर रखे हुए थे। उन्होंने कहा, ‘‘मेरा परिवार कमरे में था।

## आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने के करीब: गांगुली

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने जम्मू कश्मीर की कर्नाटक के खिलाफ अपने पहले रणजी ट्रॉफी फाइनल में शानदार प्रदर्शन की जमकर तारीफ की और कहा कि तेज गेंदबाज आकिब नबी में राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व करने की काबिलियत है। नबी ने रणजी के वर्तमान सत्र में 60 विकेट लिए हैं। इनमें कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में 54 रन देकर पांच विकेट लेने का कारनामा भी शामिल है। उनके इस शानदार प्रदर्शन से जम्मू कश्मीर में हुबली में खेले जा रहे फाइनल में 584 रन बनाने के बाद कर्नाटक को 293 रन पर आउट कर दिया। गांगुली ने एक्स पर लिखा, ‘‘जम्मू कश्मीर ने दुनिया को दिखा दिया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से क्या हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने राज्य को गौरवान्वित किया है। मुश्किल वातावरण लोगों को मजबूत बनाता है। उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई), सीनियर पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया को टैग करते हुए कहा, ‘‘आकिब नबी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने की राह पर हैं। गर्मियों में इंग्लैंड से शुरुआत करना सही रहेगा।’’

# गुकेश को याकूबोव ने ड्रॉ पर रोका अरविंद ने नीमन को हराया

एजेंसी

प्राग (चेक गणराज्य)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोव के साथ अंक बांटकर एक और ड्रॉ खेला, लेकिन मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम ने प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के दूसरे दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराकर सबको चौंका दिया। गुकेश लगातार दूसरी बाजी में सफ़ेद मोहरों से खेल रहे थे लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए और उन्हें लगातार दूसरे दौर में अंक बांटने पड़े। उन्होंने पहले दौर में नीमन के साथ भी बाजी ड्रॉ खेली थी। अरविंद ने फिलिडोर डिफेंस अपनाने की अपनी नई पसंद को जारी रखा, जबकि नीमन ने सफ़ेद मोहरों से शुरुआती बढ़त हासिल कर ली। यह बाजी जब महत्वपूर्ण मोड़ पर थी तब अमेरिकी खिलाड़ी के पास समय कम



पड़ गया जिसका अरविंद ने पूरा फायदा उठाकर जीत हासिल की। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से पहले दौर में मिली हार के बाद चेन्नई के इस खिलाड़ी के लिए यह जीत बेहद खुशी देने वाली थी। एक अन्य मैच में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो ने नीदरलैंड के जॉर्डन वैन फोरस्ट को हराया। अब जबकि सात दौर का खेल बाकी है तब अब्दुसत्तोरोव, याकूबोव और स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा 1.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं। इन तीनों के बाद गुकेश, अरविंद, वैन फोरेस्ट और गुइजारो का नंबर आता है जो उनसे आधे अंक से पीछे हैं। ईरान के परहम मगसूदलू, जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त विंसेंट कीमर और नीमन ने 10 खिलाड़ियों के नौ दौर के टूर्नामेंट में अभी आधा अंक ही हासिल किया है। चैलेंजर्स वर्ग में ग्रैंडमास्टर और विश्व महिला कप विजेता दिव्या देशमुख ने स्पेन के डैनियल युफ्फा के साथ ड्रॉ खेला।

## अभिषेक को रक्षात्मक खेलते देखकर हैरानी हुई, लेकिन उन्होंने आलोचकों को चुप करा दिया: गावस्कर

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने टी20 विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ अर्धशतक लगाकर आलोचकों को चुप कराने के लिए अभिषेक शर्मा की सराहना की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें इस विस्फोटक बल्लेबाज को रक्षात्मक शॉट खेलते देखकर हैरानी हुई। अभिषेक इस टूर्नामेंट के दौरान अस्वस्थ भी रहे और तीन मैच में वह खाता भी नहीं खोल पाए। उन्होंने हालांकि जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की 72 रन की जीत में 30 गेंदों में 55 रन बनाकर फॉर्म में वापसी का संकेत दिया। गावस्कर ने जियोस्टार से कहा, ‘‘हम जानते हैं कि अभिषेक शर्मा कितने अच्छे बल्लेबाज। जिम्बाब्वे के खिलाफ 55 रन की इस पारी से उन्होंने अपने आलोचकों को चुप करा दिया। उन्होंने कहा, ‘‘अभिषेक ने अपना स्वाभाविक खेल खेलने से पहले कुछ समय लिया।

# एनटीटी डेटा, एरिक्सन ने निजी 5जी, ‘फिजिकल एआई’ के विस्तार के लिए मिलाया हाथ

एजेंसी



नयी दिल्ली। कृत्रिम मेधा (एआई), डिजिटल व्यवसाय एवं प्रौद्योगिकी सेवाओं की वैश्विक प्रदाता एनटीटी डेटा और दूरसंचार उपकरण कंपनी एरिक्सन ने उद्यमों में निजी 5जी को अपनाने को बढ़ावा देने और उन्नत ‘एज एआई’ एवं ‘फिजिकल एआई’ उपयोग मामलों को सक्षम करने के लिए बहुवर्षीय साझेदारी की शुक्रवार को घोषणा की। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह साझेदारी एआई-चालित, परिणाम-केंद्रित परिवर्तन को सक्षम करेगी। यह साझेदारी चार प्राथमिक क्षेत्रों पर केंद्रित है, जिनमें वैश्विक निजी 5जी प्रबंधित सेवाएं शामिल हैं। इसके तहत एनटीटी डेटा, एरिक्सन के लिए वैश्विक प्रणाली एकीकरण और प्रबंधित सेवा प्रदाता के रूप में कार्य करेगा। इसके अतिरिक्त, एनटीटी डेटा के ‘एज एआई एजेंट’, एरिक्सन के एंटरप्राइज एज मंच पर संचालित होंगे। इससे डेटा उत्पन्न होने वाले स्थान पर ही वास्तविक समय की बुद्धिमत्ता एवं स्वायत्त निर्णय-निर्माण संभव होगा। ‘एज एआई’ से तात्पर्य एआई एल्गोरिदम को सीधे उन्हीं उपकरणों (जैसे स्मार्टफोन, कैमरा या सेंसर) पर चलाना है जहां डेटा उत्पन्न हो रहा है न कि उसे किसी दूर स्थित क्लाउड सर्वर पर भेजना। ‘फिजिकल एआई’ उन प्रणालियों को संदर्भित करता है जो केवल डेटा का विश्लेषण या उत्तर नहीं देतीं, बल्कि भौतिक दुनिया में कार्य भी करती हैं।

# सेल के स्वदेशी इस्पात से बना ‘आईएनएस अंजदीप’ भारतीय नौसेना बेड़े में शामिल

नयी दिल्ली। देश की सार्वजनिक क्षेत्र की सबसे बड़ी इस्पात उत्पादक एवं महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने आईएनएस अंजदीप के लिए आवश्यक विशेष-ग्रेड इस्पात की आपूर्ति की है। भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को आईएनएस अंजदीप युद्धपोत का जलावतरण किया। इस युद्धपोत का उद्देश्य भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं और तटीय निगरानी को बढ़ाना है। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा विनिर्मित ‘अंजदीप’ एक अत्याधुनिक युद्धपोत है, जिसे विशेष रूप से तटीय और राष्ट्र की सुरक्षा के लिहाज से अहम, उथले जल क्षेत्रों में परिचालन की चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार किया गया है। आईएनएस अंजदीप ‘एंटी-सबमरीन वारफ़ेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट’ परियोजना के तहत बनाए जा रहे आठ पोतों में से तीसरा है। कंपनी के बयान के अनुसार, नौसेना के पुराने होते ‘अभय-श्रेणी’ के जहाजों को बदलने के लिए इन एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी कार्वेट का निर्माण स्वदेशी रूप से किया जा रहा है। इस रणनीतिक प्रयास के तहत सेल ने जीआरएसई द्वारा बनाए जा रहे आठ एसडब्ल्यूसी कार्वेट के लिए करीब 3,500 टन विशेष-ग्रेड के इस्पात की पूरी आपूर्ति की है। यह इस्पात सेल के बोकारो, भिलाई और राउरकेला स्थित एकीकृत इस्पात संयंत्रों से उपलब्ध कराया गया है।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोना के भाव में मामूली गिरावट नजर आ रही है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 220 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 230 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। सोने की कीमत में आई कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये से लेकर 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,48,340 रुपये से लेकर 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं, चांदी की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं होने के



कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान 2,84,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,61,820 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,61,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,61,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,48,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,48,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्राण-प्रतिष्ठा अपने हृदय में ईश्वर की चेतना जगाने का संकल्प : स्वामी चिदानन्द सरस्वती

■ संगम के तट से आपसी संगम बनाये रखने का किया आह्वान

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क





प्रयागराज। प्राण-प्रतिष्ठा अर्थात अपने हृदय में ईश्वर की चेतना जगाने का संकल्प है। जब तक हमारे भीतर संस्कार, सेवा और सद्भाव की प्रतिष्ठा नहीं होगी, तब तक समाज में वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है।

यह विचार शुक्रवार को प्रयागराज के पावन संगम तट पर स्थित परमार्थ त्रिवेणी पुष्प परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ जी के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के समापन कार्यक्रम में स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने व्यक्त किये। उन्होंने विशेष रूप से ऋषिकन्याओं द्वारा संगम आरती की परंपरा प्रारंभ करने का आह्वान करते हुए कहा कि हमारी बेटियाँ केवल परिवार की शक्ति नहीं, बल्कि संस्कृति और राष्ट्र की आधारशिला हैं। संगम तट, न्यू अरैल घाट पर ऋषिकन्याओं द्वारा नियमित आरती भारतीय संस्कृति की गरिमा, नारी शक्ति और आध्यात्मिक नेतृत्व का प्रतीक बनेगी। उन्होंने कन्या गुरूकुल खोलने की घोषणा की, जहाँ बालिकाओं को वेद, संस्कृत, योग, ध्यान, भारतीय संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक शिक्षा का समन्वित प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वामी जी ने कहा कि नारी शिक्षित होगी तो राष्ट्र सशक्त होगा। कन्या गुरूकुल भारत की उस प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित करेगा, जहाँ ज्ञान, संस्कार और सेवा का संगम होता था। भारत की अन्य भाषाओं में भी कर्मकाण्ड का प्रशिक्षण उन कन्याओं को दिया जायेगा ताकि वे संस्कारों व संस्कृति की अलख जगा सके। उन्होंने संगम की पवित्रता और स्वच्छता बनाये रखने पर विशेष बल देते हुए उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि संगम के हर घाट पर आरती हो और प्रत्येक सप्ताह श्रमदान के माध्यम से घाटों की सफाई की जाए। स्वच्छता केवल बाहरी नहीं, भीतरी भी होनी चाहिए। जब तक मन स्वच्छ नहीं होगा, तब तक समाज भी स्वच्छ नहीं बन सकता। स्वच्छता बाहर और स्वच्छता भीतर का संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि जैसे हम गंगा-यमुना-सरस्वती के संगम को निर्मल रखना चाहते हैं, वैसे ही अपने विचारों, भावनाओं और कर्मों को भी निर्मल रखना होगा। पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त घाट, सामूहिक श्रमदान और जन-जागरूकता के माध्यम से ही संगम की पवित्रता को बनाए रखा जा सकता है और इसमें मठों, आश्रमों और अखाड़ों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने संगम की आध्यात्मिकता को सामाजिक एकता से जोड़ते हुए कहा यह केवल नदियों का संगम नहीं, बल्कि हृदयों का संगम है। हमें जाति, भाषा, क्षेत्र और मतभेदों से ऊपर उठकर आपसी प्रेम, सहयोग और सद्भाव का संगम बनाना है क्योंकि जब समाज एकजुट होगा, तभी राष्ट्र मजबूत होगा। अंत में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि आइए, हम सब मिलकर संगम से सेवा, संस्कार और समर्पण की ज्योति प्रज्वलित करें। अपने भीतर की नकारात्मकता को जलाकर सकारात्मकता, करुणा और राष्ट्रप्रेम का दीप जलाएँ। यही सच्ची प्राण-प्रतिष्ठा है। इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक अवसर पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती के सान्निध्य में संत समाज, शिक्षाविदों, न्यायविदों, उच्चाधिकारियों, उद्योगपतियों तथा सैकड़ों श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह में भगवान श्री जगन्नाथ धाम पुरी से पधारे प्रमुख आचार्य मधुसूदन सहित प्रयागराज के लगभग सभी मठों, अखाड़ों, मंदिरों एवं आश्रमों के पूज्य संतों ने अपनी पावन उपस्थिति से आयोजन को आध्यात्मिक ऊँचाइयों तक पहुँचाया। वैदिक मंत्रोच्चार, हवन, यज्ञ और पूर्णाहुति के साथ सम्पूर्ण वातावरण भक्ति और दिव्यता से ओतप्रोत हो उठा। स्वामी जी ने इस पूरे आयोजन के सफलतापूर्वक सम्पन्न होने के लिये विनोद बागरोडिया, रजत बागरोडिया, उपासना बागरोडिया, आभा बागरोडिया, आभा बागरोडिया ट्रस्ट, अरूण सारस्वत , आचार्य दीपक शर्मा, रेखा मशरूवाला, अतुल मशरूवाला, माधव, आचार्य दीलिप, संतोष गुप्ता, संतोष पाण्डेय, शिव, अन्जना, समस्त ऋषिकुमार, पुरी से महाप्रसाद बनाने आये महाराज, समस्त पुरोहितगण और सभी का अभिनन्दन कर सम्मानित किया।

## बहराइच में पुलिस हिरासत में मेडिकल स्टोर संचालक की मौत, थाना प्रभारी समेत तीन पुलिसकर्मियों पर प्राथमिकी दर्ज

बहराइच। उत्तर प्रदेश के जनपद बहराइच में गुरुवार रात रामगांव थाना में पूछताछ के समय 55 वर्षीय आरोपित मेडिकल स्टोर संचालक की मौत हो गई। परिजनों के प्रदर्शन और आरोपों के बाद इस प्रकरण में थानाध्यक्ष गुरुसेन सिंह समेत तीन पुलिस कर्मियों पर एफआईआर दर्ज की गई है । मेडिकल स्टोर संचालक राकेश श्रीवास्तव पर एक किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का आरोप था। इसी मामले में पुलिस उन्हें पकड़ कर थाना लायी थी। इस प्रकरण में एक व्यक्ति ने रामगांव थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया था कि रामगांव निवासी उसका परिचित मेडिकल स्टोर संचालक राकेश श्रीवास्तव 22 फरवरी को उसके घर आया और उसकी 10 वर्षीय नाबालिग पुत्री से पहले छेड़छाड़ और फिर दुष्कर्म किया। शिकायत मिलने के बाद थानाध्यक्ष ने गुरुवार की रात आरोपित राकेश श्रीवास्तव को कुड़वा चौराहा स्थित उसके मेडिकल स्टोर से पकड़ा। पूछताछ के लिए उसे थाने ले गए और आरोप है कि थाने आए परिजनों को कोई जानकारी नहीं दी। इस बीच रात में पुलिस तबीयत खराब होने की बात कहते हुए राकेश को उसके घर के सामने छोड़ चली गई और परिजनों को कोई जानकारी नहीं दी।घरवालें रात दो बजे के आसपास उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने राम गोपाल के मृत घोषित कर दिया।

मेडिकल कॉलेज से परिजन शव लेकर थाने पहुंचे और पुलिस पर जहर देकर व पीट पीट कर हत्या करने के आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे । लगातार भीड़ बढ़ती गई और पुलिस प्रशासन के हाथ पांव फूलने लगे। स्थिति नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों ने जिले के अन्य थानों से पुलिस बुलाई।

## शेयर खरीद-फरोख्त के नाम पर लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाला गिरफ्तार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। शेयर खरीदने और बेचने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले आरोपित सुनील धवन को पुलिस ने शुक्रवार को जेके मंदिर नहरिया के पास स्थित एक क्लीनिक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित इलाज करने के बहाने छिपा था। नजीराबाद और काकादेव थाना में उसके खिलाफ छह से अधिक के मुकदमे दर्ज हैं। एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके ने बताया कि काकादेव थाना क्षेत्र के सर्वोदय नगर स्थित मोती विहार सोसाईटी का रहने वाले सुशील धवन कौशलपुरी में एक ऑफिस खोलकर शेयर ब्रोकिंग का काम करता था। आरोप है कि उसने साल 2021 में पांडु नगर मॉडल टाउन निवासी प्रदीप मंगा के करीब दो करोड़ रुपये की कीमत के शेयर कुटरचित दस्तावेजों के जरिए हड़प लिए। मामले में सुशील उसकी पत्नी अंजलि और रुद्राक्ष शेयर्स एंड ब्रोकर कंपनी के खिलाफ नजीराबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। इसी तरह से साल 2024 में कौशलपुरी निवासी रिचा शर्मा ने भी 51 लाख रुपये की ठगी का आरोप लगाते हुए सुशील, उसकी पत्नी अंजलि और पिता मयंक तिवारी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके अलावा जनवरी 2026 में कल्याणपुर के रहने वाले रिटायर्ड केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक विष्णु दत्त त्रिवेदी ने भी 60 लाख और आवास विकास-एक के रहने वाले एक अन्य व्यक्ति से सात लाख ठगने का मामला भी सामने आया था। इनके अलावा पांडव नगर निवासी प्रतीक रस्तोगी ने एक करोड़ 57 लाख, बैंक मैनेजर अशोक कपूर ने डेढ़ करोड़, काकादेव के रहने वाले अशोक मेहरा ने 50 लाख, आकांक्षा नाम की महिला ने लाख ठगने का मुकदमा दर्ज कराया था। दो दिन पूर्व व्यापारी नेता कपिल सब्बरवाल के साथ कई पीड़ित पुलिस उपायुक्त मध्य अतुल श्रीवास्तव से मिलकर शिकायत की। मामले को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी ने एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके को जांच सौंप थी। जिसके बाद पुलिस टीम सक्रिय हुई और सर्विलांस की मदद से आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही उससे पूछताछ की जा रही है।

## पत्नी से विवाद में युवक ने लगाई फांसी, मौत

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में स्थित बक्शा थाना क्षेत्र के कौली गांव में शुक्रवार को एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष लक्ष्मण विक्रम सिंह ने बताया कि संतोष कुमार ने पत्नी सीमा से किसी बात को लेकर हुए झगड़े के बाद फांसी लगाकर जान दी है। शव को कब्जे में लेने के बाद परिवार से पूछताछ की, जिसमें पता चला है कि संतोष अपनी ससुराल नेवासा में रह रहा था। वह राजगीर मिस्त्री के साथ मेहनत मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता था। पत्नी से किसी बात से नाराज होकर उसने घर के कमरे में फांसी लगा ली।


संपादक मण्डल

संस्थापक/संरक्षक
संजीव श्रीवास्तव

प्रधान संपादक
हरिनाथ सिंह

सलाहकार संपादक
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

स्थानीय संपादक
दिनेश कुमार गर्ग

कार्यकारी संपादक
अभयानंद शुक्ल

आध्यात्मिक संपादक
राम महेश मिश्र

ब्यूरो चीफ
मनोज कुमार शुक्ला

स्टेट कोआर्डिनेटर
विपिन सोनी



संपर्क मुख्यालय
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

संपर्क कार्यालय
प्रधान कार्यालय: 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालय: 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


## जिलाधिकारी को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन, यमुना तट के सौंदर्यीकरण की उठी मांग

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



औरैया। उत्तर प्रदेश के जनपद औरैया के समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी को पांच सूत्रीय मांगों युक्त ज्ञापन सौंपा। समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से बदहाल अंत्येष्टि स्थलों के समतलीकरण तथा स्नान कुंड के जीर्णोद्धार की मांग उठाई गई।

समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यमुना नदी तट पर प्रतिदिन शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग दस अंत्येष्टियां होती हैं, जिनमें हजारों लोगों का आवागमन रहता है। वर्तमान में अंत्येष्टि स्थलों की स्थिति अत्यंत खराब है तथा स्नान कुंड क्षतिग्रस्त होने से लोगों को अंतिम संस्कार एवं पश्चात की धार्मिक क्रियाओं में भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यमुना तट के समतलीकरण, स्नान कुंड के पुनर्निर्माण, नदी में गिर रहे गंदे नालों पर रोक लगाने हेतु वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, धार्मिक पर्वों पर स्नान व आरती स्थल निर्माण, विद्युत शवदाह गृह की स्थापना तथा जालौन मार्ग पर पिंडदान स्थल विकसित किए जाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने जनसमस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि नदियों की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए यमुना तट पर अनियंत्रित अंत्येष्टि पर प्रतिबंध लगाया जाएगा तथा नगर पालिका परिषद द्वारा निर्माणाधीन स्थल पर नियमानुसार अंतिम संस्कार कराए जाएंगे। तट पर सूचना बोर्ड एवं बैरिकेडिंग भी कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि यमुना तट के सौंदर्यीकरण के अंतर्गत भगवान भोलेनाथ की विशाल प्रतिमा, स्नान एवं आरती स्थल तथा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से विद्युत शवदाह गृह की स्थापना की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए आभार व्यक्त किया।

## बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर चार डम्पर सीज, 1.32 लाख जुर्माना वसूला

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में अवैध खनन और अवैध खनिज परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई वाहनों की तलाशी ली गई, जिनमें से चार डम्पर अवैध रूप से खनिज परिवहन करते पाए गए। संबंधित वाहन चालकों ने खनिज से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इस पर अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों डम्परों को सीज कर दिया। उपजिलाधिकारी सदर अजय आनन्द वर्मा ने बताया कि एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे डम्परों और अन्य भारी वाहनों को रोककर उनके परिवहन प्रपत्र, खनिज पास तथा लोड सामग्री की गहन जांच की गई। इस दौरान चार डम्पर अवैध रूप से खनिज परिवहन करते पाए गए। संबंधित वाहन चालकों ने खनिज से जुड़े वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। प्रथम दृष्टया अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए चारों डम्परों को सीज कर दिया। चारों वाहनों पर 1 लाख 32 हजार रुपये का जुर्माना जमा कराया गया। साथ ही आगे की वैधानिक कार्रवाई भी प्रारंभ कर दी गई है। अभियान में खनन विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिसने खनिज की प्रकृति और मात्रा की जांच कर रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उपजिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के प्रमुख मार्गों, नदियों के किनारे और संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित सघन चेकिंग अभियान चलाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध खनन और परिवहन करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा।

## पीस कमेटी की बैठक में सौहार्द और शांति के साथ त्योहारों को मनाने की गई अपील




राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

उरई। आगामी त्योहार, होली, ईद और नवरात्रि के मद्देनजर जिला प्रशासन ने शुक्रवार को उरई स्थित विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में शांति समिति की एक अहम बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। डीएम राजेश कुमार पांडेय ने इस बैठक में मौजूद सभी धर्मगुरुओं, व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, नागरिकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति के साथ त्योहारों को मनाने की अपील की। उन्होंने किसी भी प्रकार की अफवाह या उकसावे से बचने की सलाह दी। बैठक में अधिकारियों ने सुरक्षा के कड़े इंतजामों पर जोर दिया। एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि त्योहारों के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जाएगा और पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन ने नागरिक सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखने के निर्देश दिए। बैठक में यह सुनिश्चित किया गया कि त्योहारों के दौरान सड़कों की मरम्मत, सफाई व्यवस्था और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो। इसके अलावा पेयजल, बिजली और यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के भी आदेश दिए गए। धर्मगुरुओं और स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने एक स्वर में कहा कि जालौन की सामाजिक एकता मिसाल है और त्योहारों को मिलजुल कर मनाया जाएगा।

## वाराणसी: रंगभरी एकादशी पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मध्याह्न भोग आरती में उमड़े श्रद्धालु

■ श्रीकृष्ण–जन्मस्थान सेवा संस्थान मथुरा से आया नील–गुलाल,प्रसाद–फल मेवा दरबार में अर्पित

■ शाम को दरबार के 'शिवार्चनम मंच' पर ब्रज के रसियारों के 'रास' एवं 'फूलों की होली'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। रंगभरी एकादशी पर शुक्रवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर मंदिर में काशीपुराधिपति के गौने का उत्साह शिवभक्तों के मुख पर खूब दिखा। मंदिर के गर्भगृह में स्थित पावन ज्योर्तिलंग पर श्रीकृष्ण–जन्मस्थान सेवा संस्थान मथुरा से आया नील–गुलाल,प्रसाद–फल मेवा अर्पित किया गया। बाबा के इस होलियारे रूप का दर्शन पाने के लिए मध्याह्न भोग आरती में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। दरबार में हर–हर महादेव के गगनभेदी उद्घोष के बीच श्रद्धालु बाबा के पावन ज्योर्तिलंग का दर्शन कर उनसे होली खेलने की प्रतीक रूप से अनुमति भी लेते रहे। महादेव के गौने की रस्म में ब्रज के बाल-गोपाल और गोपियां बाबा के अंगना में पुष्पों की होली खेलने और रासनृत्य के लिए तैयार दिखे। शाम को धाम परिसर के 'शिवार्चनम मंच' पर 'रास' एवं 'फूलों की होली'होगी। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. विश्वभूषण के अनुसार महाशिवरात्रि पर बाबा अपने विवाह के बाद ,रंगभरी एकादशी पर गौरा का गौना लेकर धाम आते हैं। काशीवासी बाबा के भाल पर गुलाल लगाकर और माता पार्वती के चरणों में अबीर अर्पित कर होली खेलने की अनुमति मांगते हैं। काशी में रंगभरी एकादशी से होली की शुरुआत हो जाती है। रंगभरी एकादशी के अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम और श्री कृष्ण जन्मस्थान के मध्य सांस्कृतिक एवं उपहारों का आदान-प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि रंगभरी एकादशी पर इस वर्ष व्यवस्थाओं को व्यापक स्तर पर सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने बताया कि शाम को लोकाचार तथा सांस्कृतिक शास्त्रीय परंपरा के अनुसार शिव परिवार की चल प्रतिमा मंदिर के गर्भगृह में विराजमान होगी, जहां सप्तऋषि आरती एवं अन्य अनुष्ठान विधि पूर्वक संपन्न किए जाएंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 10:00 बजे तक चलेगा। श्री काशी विश्वनाथ न्यास ने श्रद्धालुओं के लिए ठंडई, सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि महापर्व पर श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, वाराणसी द्वारा अभिनव आध्यात्मिक पहल का शुभारंभ किया गया है। इस पहल के अंतर्गत भगवान श्री विश्वेश्वर महादेव के श्रीचरणों में देश-विदेश के प्रमुख ज्योतिर्लिंगों, सिद्धपीठों, शक्तिपीठों एवं प्राचीन तीर्थस्थलों से पावन प्रसाद, पूजित वस्त्र, रज, पवित्र जल तथा श्रद्धा-उपहार अर्पित किए जाने की परंपरा प्रारंभ की गई है। साथ ही श्री बाबा विश्वनाथ के धाम से भी उपहार स्वरुप भेंट भेजी गई थी। इस आध्यात्मिक समन्वय का उद्देश्य संपूर्ण सनातन समाज को एक सूत्र में पिरोते हुए ल्लवसुधैव कुटुम्बकम्ङ्क की भावना को मूर्त रूप प्रदान करना तथा वैश्विक आध्यात्मिक एकात्मता को सुदृढ़ करना है। महाशिवरात्रि पर श्री काशी विश्वनाथ धाम में देश-विदेश के कुल 63 मंदिरों से अधिक पावन भेंट एवं प्रसाद प्राप्त हुआ था।